वर्ष -09, अंक 301, पृष्ठ- 8 मूल्य : दो रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

प्रयागराज , गुरुवार, 15फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

निवेश, बिजली व्यापार और डिजिटल भुगतान प्लेटफॉम भारत और यूएई के बीच 10 समझौतों हुए पर हस्ताक्षर

अबू धाबी। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने बुधवार को निवेश, बिजली व्यापार और डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा भी की।भारत

और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने बुधवार को निवेश बिजली व्यापार और डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा भी की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूएई के बीच हर क्षेत्र में करीबी साझेदारी रही है।विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने इस दौरे के बारे में बताते हुए कहा कि भारत, यूएई ने पीएम मोदी की यात्रा के दौरान आपूर्ति श्रृंखला सेवाओं से लेकर डिजिटल भुगतान मंचों को जोड़ने तक 10 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। भारत की यूएई के साथ किसी भी अन्य देश की तुलना में शायद सबसे व्यापक साझेदारी हैपीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूएई के बीच हर क्षेत्र में करीबी साझेदारी रही है

नारी शक्ति - यादगार मुलाकात वर्षा सिंह क्षेत्राधिकारी (वन)

सुधान्शु शर्मा-आपकी प्राथमिक शिक्षा कहां से हुई और आपने किस मोड़ पर अपने जीवन का लक्ष्य तय किया?

वर्षा जी - मेरी प्राथमिक शिक्षा सतना के कराईस्ट ज्योति स्कूल से हुइ वही से मेरी ज़िंदगी मे यूनिफार्म पहनने की ललक जागी जिसमे मेरी पिता जी का पूरा आशीर्वाद मिला।

सुधांशु शर्मा - आपकी सफलता और आज आप जिस मुकाम पर हैं उसने पाने के लिए आपने क्या किया और उसमें मुख्य भूमिका किसकी रही**वर्षा जी** - मेरी सफलता मे मेरी पति दीपक सिंह जी जो की पेशे से इंजीनियर है और सतना के एक बड़े सीमेंट प्लांट मे कार्यरत हैं एवं पिता जी का पूर्ण सहयोग रहा प्रेरणा पिता जी की समर्पण पति का एवं सहयोग मेरी सास(मा) का रहा।

सुधांशु शर्मा - आज आप जिस मुकाम पर हैं और आज लोग आपको जानते हैं यह देख कर आपको कैसा महसूस होता है?

वर्षा जी - मुझे जिम्मेदारी का पुरा एहसाह रहता है और गौवान्वित् महसूस करती हु की देश के लिए कुछ कर पा रही की हमारा देश कृषि प्रधान देश है और वन उनकी

धतोह ंउस धरोहर को संजो कर रखना मुझे अच्छा लगता है।

सुधान्शु शर्मा - आपने आज तक अपने जीवन में जो तय किया और उसको पाने के लिए आपने दिन रात मेहनत की क्या अभी वह सपना अधूरा। हों

वर्षा जी - सपना तो बस इतना है की जिस मुकाम पे हु उस जगह देश् और समाज् के लिए कुछ कर पाऊं और इसी फील्ड मे आगे जाऊँ

सुधान्शु शर्मा - आपको आपके परिवार से सबसे ज्यादा सपोर्ट और सहयोग किनसे मिला?

वर्षा जी - मेरी पति जी का

सुधान्शु शर्मा - आपको अभी तक कौन-कौन से सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है?

वर्षा जी - जिलाधिकारी द्वारा उत्कृत कार्य के लिए सम्मानित किया गया

सुधान्शु शर्मा - .आप समाज मे लड़कियों के लिए क्या संदेश देंगी

वर्षा जी - लड़किया जो ये सोचती है की हम यूनिफार्म की जॉब नही कर सकते ये सुरक्षित नही है तो उन्हे ये समझना चाहिए की देवी दुर्गा शक्ति की देवी है और हर लड़की उनका रूप है और मै भी तहसीलदार के रूप मे चयनित हुई थी लेकिन् मैने वन छेत्राधिकारी बनना चुना आपके सपने आपके है और आप पुरी इमामदारी से उसपे काम करे आपको कोई नह हरा सकता आप आपकी शक्ति को स्वयं पहचानो।

सुधान्शु शर्मा -आधुनिक समाचार के लिए कोई संदेश

वर्षा जी - **आधुनिक समाचार** मे सकारात्मक रूप से अच्छा कार्य कर रहा है आउट इनकी टीम को मेरा धन्यवाद आप ऐसे हि काम करे और समाज को दिशा दे।

ग्रेटर नोएडा में आ रहा है इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा । ग्रेटर नोएडा मैटल फिनिशर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया दिल्ली एनसीआर में सरफेस फिनिशिंग पर तीन दिवसीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024 का आयोजन 14 से 16 फरवरी 2024 को हॉल 15, इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा।14 फरवरी 2024 को कार्यक्रम का उद्घाटन विद्युत एवं भारी उद्योग मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा जैक्वार इंडिया के माननीय निदेशक श्री परिचय मेहरा करेंगे। त्करीबन 100 प्रतिष्ठित कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स, सर्विसेज़ एवं नई तकनीकों का प्रदर्शन करेंगी। तकनीकी सम्मेलन में प्रवक्ताओं के द्वारा तकरीबन 43 दस्तावेज दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। एमएफएआई के प्रेज़ीडेन्ट सुनील गोयल के मुताबिक यह प्रदर्शनी सरफेस फिनिशिंगकम्युनिटी, अकादमिक एवं अनुसंधान समुदाय को कई अवसर प्रदान करेगी। यह ऐसा मंच उपलब्ध कराएगी जहां प्रदर्शकों को अपने उत्पादों को दर्शाने तथा सरफेस फिनिशिंग उद्योग में नए रूझानों और तकनीकों को जानने का मौका मिलेगा। सम्मेलन के अलावा , प्रतिष्ठित संस्थानों, प्रयोगशालाओं एवं अकादमिक संगठनों के शोधकर्ता और अकादमिकज्ञ भी सरफेस फिनिशिंग के क्षेत्र में अपने इनोवेशन्स को पेश करेंगे। माधव सिंह, मैनेजिंग ट्रस्टी, एमएफएआई के मुताबिक 'दुनिया भर में सरफेस फिनिशिंग का मार्केट साइज़ साल 2024 में 12.89 बिलियन डॉलर का है, एक अनुमान के मुताबिक यह 2024-30 के बीच 7.97 फीसदी दर से बढ़कर 2030 तक 22.05 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। पश्चिम से पूर्व की ओर झुकाव के चलते एपीएसी (ईंग) देशों में सरफेस फिनिशिंग की खपत पूरे संसार का 78 प्रतिशत हो गया है। अमित अग्रवाल, माननीय सचिव, एमएफएआई ने कहा, "एमएफएआई की स्थापना साल 1973 में मुंबई में पंजीकृत संस्था के रूप में की गई। पांच दशकों की यात्रा के दौरान संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक विकसित हो गया है, आज एमएसएमई एवं कॉर्पोरेट सेक्टर में इसके 1000 से अधिक सदस्य हैं।

गौतम बुद्धनगर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेद्र सिंह जादौन का निधन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा ।नोएडा गौतमबुद्धनगर में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेद्र सिंह जादौन का आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में निधन हो गया। भूपेन्द्र सिंह जादौन को 28 दिसंबर 2023 को कार्यालय में ब्रेनहैमरेज हो गया था। उनका ब्रेन का ऑपरेशन भी हुआ था और वह कोमा में थे। उनके निधन से आम आदमी पार्टी तथा उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है।भूपेंद्र सिंह जादौन आम आदमी पार्टी में पिछले कई वर्षों से सक्रिय रूप से कार्यरत थे तथा उन्हें इस बार दोबारा पार्टी ने जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस दौरान उन्हों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया तथा कई बार गिरफ्तार भी हुए। उनके कार्यकाल में आम आदमी पार्टी ने जनपद में काफी विकास किया तथा उन्होंने पार्टी की एक लंबी चौड़ी फौज खड़ी कर दी थी। उनको आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के अलावा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का भी बेहद प्यार और आशीर्वाद प्राप्त था। उनकी कर्मठता को देखते हुए पार्टी ने जनपद में कई ऐतिहासिक आंदोलन किये ।

15 फरवरी को सजेगा श्री श्याम बाबा का दरबार, समुद्र मंथन का दृश्य होगा आकर्षण का केंद्र

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा ।नोएडा श्री श्याम सेवक परिवार नोएडा - ग्रेटर नोएडा द्वारा पंचम वार्षिक फागुन महोत्सव के संबंध में जानकारी देने हेतु एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।श्री श्याम सेवक परिवार संस्था के प्रवक्ता विकास जैन ने बताया कि 15 फरवरी को सेक्टर 51 स्थित वेडिंग विला बैंक्विट हॉल में श्री श्याम बाबा का पंचम वार्षिक फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा मानस हॉस्पिटल सेक्टर 34 से 3:00 बजे प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक आएगी जिसमें होली महोत्सव के रूप में निशान यात्रा में हवा मे रंगों की होली खेली जाएगी।श्री श्याम परिवार संस्था के अध्यक्ष सौरभ सिंगल ने बताया कि इस बार कीर्तन विशेष होगा जिसमें प्रख्यात हिंदूवादी सनातनी भजन गायिका अंजलि द्विवेदी बरेली, शुभम - रूपम कोलकाता, वेद रसिक वृंदावन, श्रीभगवान दीक्षित सोनीपत से बाबा का गुणगान करेंगे।और सभी भक्तों को समुद्र मंथन का महा विशाल दृश्य देखने को मिलेगा और सच्चे मोती, हीरों से बाबा की नज़र उतारी जाएगी। और श्री श्याम बाबा को 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा।संस्था के वरिष्ठ सदस्य अमित गोयल ने बताया कि प्रवेश द्वार पर आपको अयोध्या मंदिर और भगवान राम के दर्शन होंगे। इसी के साथ राधा रसोई का आयोजन आए सभी श्याम भक्तों के लिए किया जाएगानिखिल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मध्य में बच्चों से धार्मिक क्विज आयोजन किया जाएगा जिसमें बच्चों को के गिफ्ट दिए जाएंगे।संस्था के वरिष्ठ सदस्य नवनीत गुप्ता ने बताया कि पंजाब के ढोल द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे इसी के साथ वृंदावन से राधा कृष्ण की झांकी हमारे बीच रहेगी उन्होंने बताया कि बाबा के लिए स्पेशल इत्र यूएई से मंगाया गया है।

बसंत पंचमी स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।प्रयागराज के पावन संगम तट पर माघ मेला में आगामी मुख्य सनन पर्व बसन्त पंचमी के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु आज दिनांक 13.02.2024 को पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र छइए द्वारा सम्पूर्ण माघ मेला क्षेत्र का भ्रमण/

निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर महोदय द्वारा सभी सनन घाटों, पार्किंग स्थलों, पाण्टून पुलों, मेला के समस्त प्रवेश द्वारों/निकास द्वारों तथा महत्वपूर्ण मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करते हुये समस्त तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया और सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र के दुकानदारों को निर्धारित स्थानो पर ही दुकान लगाने हेतु निर्देशित करें जिससे श्रध्दालुओं के आवागमन मे कोई कठिनाई न हो साथ ही अधिक भीड़-भाड़ वाले घाटों के समीप ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मी अधिक सक्रियता से ड्यूटी संपादित करें, प्रभारी माघ मेला द्वारा मेला क्षेत्र में प्रतिबन्धित सनन घाटों के पास बैरिकेडिंग करायी गई और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकमिर्यों को निर्देशित किया गया कि प्रतिबन्धित सनन घाटों पर सननार्थिर्यों को कदापि न जाने दिया जाये एवं 'पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम' के माध्यम से भी निरन्तर 'अनाउन्स' करते हुये अनुपालन कराया जाय। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों/इकाई प्रभारियों को मुख्य सनन पर्व बसन्त पंचमी को सकुशल सम्पनन कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये समय से ड्यूटी संपादित करने के लिए बताया गया एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकमिर्यों को 'ब्रीफ' किया गया।

बांदा में किसानों की उम्मीद पर गिरा ओला फसल बर्बाद राजस्व अधिकारी सर्वे को निकले

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

बॉदा ।जनपद में देर रात हुई जमकर बारिश और ओला वृष्टि से किसानों की फसल चौपट हो गई है, लगभग आधा सैकड़ा गांव

में दलहन और तिलहन के साथ-साथ रवि की भी काफी फसल जमीन दोज हो गई है, मुसीबत में फंसे किसानों की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी बांदा ने तत्काल संज्ञान लेकर तहसीलदार और एसडीएम को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द ओलावृष्टि वाले इलाकों में जाकर के निरीक्षण करें और उसकी रिपोर्ट तत्काल शासन को सौंपे।आपको बता दें कि देर रात भीषण ओलावृष्टि और बारिश के बाद जमकर तेज हवाएं चली है तूफान की स्थिति बन गई थी जिसके चलते नरैनी तहसील क्षेत्र के कालिंजर इलाके के लगभग आधा सैकड़ा गांव की फसल बर्बाद हो गई है, जहां किसानों की दलहन तिलहन और रवि की फसल बर्बाद हुई है तो वहीं कच्चे घरों में रह रहे लोगों की खपरैल पूरी तरह से फूट गए हैं, इस इलाके में किसानो पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है, साल भर फसल की सेवा के बाद फसल को तैयार करने की स्थिति में पहुंच चुके किसान के अचानक ओलावृष्टि होने से मंसूबों पर पानी फिर गया है और अच्छी फसल का सपना टूट चुका है, ओला वृष्टि की सूचना के बाद जिलाधिकारी बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल ने तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते हुए तहसीलदार और एसडीएम को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र के लेखपालों को और कानूनगो को निर्देशित करें और उनसे जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार करवा कर जिन भी किसानों की जितना भी नुकसान हुआ है, उसकी पूरी रिपोर्ट जल्द से जल्द शासन को सबमिट करवा दे जिससे किसानों को जल्द से जल्द राहत राशि प्रदान की जा सके, जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार निरीक्षण पर निकले है, राजस्व कमिर्यों के साथ गांव-गांव पहुंचकर के नुकसान का जायजा लिया जा रहा है और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

चिल्ह मीरजापुर मे ग्रामीणों ने पुरजागीर बाजार में हजारों के संख्या में पहुंचे ग्रामीण संघर्ष सीमित के लोगो ने भारी बरसात के बीच कोल्हुआ कंपनी घाट मार्ग को किया जाम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर ।ग्रामीण संघर्ष समिति के तत्वाधान में आज वृहद धरना प्रदर्शन पुरजागीर पावर हाउस पर रखा गया जहां पर दर्जनों ग्राम पंचायत के सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और सरकार के गलत नीति के कारण कोल्हुआ कंपनी घाट मार्ग का निर्माण न होने पर लोगों ने सरकार की जमकर आलोचना की और नारेबाजी की ।संघर्ष समिति के संयोजक मनीष दुबे ने कहा कि लगभग 10 गांव इस रोड से प्रभावित है स्कूली बच्चों से लेकर वृद्ध जनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि कोल्हुआ कंपनी घाट मार्ग कि इस समय ऐसी दशा है कि लोगों को मोटर गाड़ी की बात छोड.िए पैदल चलना भी इस रोड पर दुभर हो चुका है लोग लगातार इस रोड पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं कई बार लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन के साथ-साथ 8 जनवरी को जिला अधिकारी मिर्जापुर को ज्ञापन दे कर इस रोड की दुर्दशा से अवगत कराया गया था और 10 दिन का समय दिया गया था और वहां से आश्वासन भी मिला था कि बहुत जल्द रोड निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी उसके बाद भी एक महीने बीत जाने के बाद आज तक रोड का जांच भी नहीं किया निर्माण की बात कौन कहे इसके बाद लोग हताश परेशान होकर उप जिलाधिकारी सदर को 8 फरवरी को ज्ञापन देकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का 13 फरवरी का परमिशन लिया गया । जहां पर आज इस रोड से प्रभावित दर्जनों ग्राम पंचायत के लोगों ने भाग लिया और सरकार को चेतावनी दी यदि 10 दिन के अंदर जिलाधिकारी महोदय इस रोड की जांच कर कर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराती है तो आगे बहुत जल्द लुंबिनी दूद्धि मार्ग को जाम किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी विशाल धरना प्रदर्शन मे रोड निर्माण न होने पर दर्जनों ग्राम पंचायत के हजारों लोगों में काफी आक्रोश देखा गया और लोगों ने आज पुरजागिर बाजार के पास कोल्हुआ कंपनी घाट मार्ग को जाम कर दिया जिसको देखते हुए चिल्ह थाना अध्यक्ष जाम स्थल पर पहुंच कर लोगो को समझाने का प्रयास किया लेकिन उग्र ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी रहा इसी बीच भारी बारिश होने लगी उसके बाद भी प्रदर्शन जारी था उसके बाद काफी समझाने बुझाने के बाद संघर्ष सीमित के लोग जब नही माने तो इसकी सूचना एसडीएम सदर को दी गई उसके बाद उन्होंने ने नायब तहसीलदार राहुल मिश्र को धरना स्थल पर पहुंच कर ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि आप की आवाज जिला प्रशासन तक पहुचाऊंगी उसके बाद लोगों ने धरना बंद किया और लोगो ने एलान किया की यदि इस रोड पर कार्यवाही नही होती तो आगामी लोकसभा चुनाव का भी बहिष्कार करने का निणय् लिया और लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री का आदेश है कि किसी भी दशा में कोई रोड गड्ढा युक्त ना रहने पाए उसके बाद भी 3 वर्षों से जिस तरह से कोल्हुआ कंपनी घाट मार्ग को लेकर लोग परेशान हैं इसको संज्ञान में लेकर तुरंत बनवाया जाए अन्यथा की स्थिति में लोगों के आक्रोश का शिकार शासन प्रशासन को बनना पड़ेगा । धरना प्रदर्शन में उपस्थित ग्रामीण संघर्ष समिति के लोग जिसमे प्रमुख रूप से संघर्ष सीमित के अध्यक्ष मनीष दुबे, ग्राम प्रधान चेकसारी हरिशंकर सरोज, जंगबहादुर यादव, राजधर दुबे, अशोक कुमार गुप्ता, राम नाथ दुबे, और ग्रामीण विरेंद्र यादव, अनुप पाण्डेय राम राज ,रितेश मिश्रा, सत्य प्रकाश, सराफत अली, मोहित दुबे, दीपक चौबे, नमन दुबे अंकुर दुबे संतोष तिवारी सहित हजारों के संख्या मे लोग मौजूद रहे

ऑपरेशन कन्विक्शनङ्ग के तहत आर्म्स एक्ट के 02 अभियोग में एक ही आरोपी को सुनायी गयी सजा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर ।श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान ङ्घऑपरेशन कन्विक्शनङ्घ के तहत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी ठराम कुमारठ के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर ठआर.पी.सिंहठ के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ङ्घअभिनन्दनङ्घ द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध साहित लूट,हत्या,डकैती,धार्मा परिवर्तन,गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है । उक्त अभियान के क्रम में थाना चुनार पर आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही करायी गयी । अभियोजन अधिकारी-अम्बरीश पाण्डेय, विवेचक-उपनिरीक्षक जगदीश सिंह तथा उप निरीक्षक भोला प्रसाद यादव, कोर्ट मुहर्रिर- आरक्षी अजय यादव तथा पैरोकार-आरक्षी राहुल सरोज द्वारा प्रभावी पैरवी की गयी । जिसके परिणाम स्वरूप मा0न्यायालय ए.सी.एज(जू0डि0)कोर्ट नं0-01, मीरजापुर द्वारा 02 अभियोगों 1.नाजायज तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध में थाना चुनार पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-314/1996 धारा 25 आर्म्स एक्ट तथा 2.नाजायज चाकु के सम्बन्ध में थाना चुनार पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 46/1995 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त-पप्पू यादव पुत्र लुलुर यादव निवासी एबकपुर मोहाना थाना चुनार जनपद मीरजापुर को कुल ? 2000/- अर्थदण्ड, जेल में बितायी गयी अवधि की सजा सुनायी गयी । अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 07 दिवस की सजा भुगतनी होगी ।

बसंत पंचमी का त्योहार हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है.

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर ।बसंत पंचमी का त्योहार हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है. इस साल बसंत पंचमी बुधवार, 14 फरवरी यानी कल है. शास्त्रों में बसंत पंचमी को साल की सबसे शुभ तिथियों में गिना गया है. कहते हैं कि इस दिन ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा से जीवन के सारे कष्ट दूर किए जा सकते हैं. मांगलिक कार्य जैसे कि शादी-विवाह के लिए भी इस तिथि को सर्वश्रेष्ठ माना गया है. बच्चों की शिक्षा की शुरुआत कराने के लिए भी यह तिथि उत्तम मानी जाती है.हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ शुक्ल पंचमी तिथि यानी बसंत पंचमी 13 फरवरी को दोपहर 02.41 बजे से अगले दिन 14 फरवरी को दोपहर 12.09 बजे तक रहेगी. उदया तिथि के चलते बसंत पंचमी का त्योहार 14 फरवरी को मनाया जाएगा. इस दिन सरस्वती पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 07.00 से दोपहर 12.41 बजे तक

रहेगा. यानी सरस्वती पूजा के लिए आपके पास करीब साढ़े पांच घंटे का समय रहेगामां सरस्वती की पूजन विधि बसंत पंचमी के दिन पीले, बसंती या सफेद वस्त्र धारण करें. काले या लाल वस्त्र न पहनें. पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके पूजा की शुरुआत करें. सूर्योदय के बाद ढाई घंटे या सूर्यास्त के बाद के ढाई घंटे का प्रयोग इस कार्य के लिए करें. मां सरस्वती को श्वेत चंदन, पीले और सफेद पुष्प जरूर अर्पित करे।

ज्ञानवापी परिसर में 'हिंदू पूजा करेंगे या नहीं' पर फैसला टला!

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति द्वारा खारिज करने की याचिका

पर आज सुनवाई टली। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आगामी 15 फरवरी को इस मामले की सुनवाई करने की तारीख दी है।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति के अनुरोध जिसमें वाराणसी अदालत के हिंदुओं को मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने के फैसले को रद्द करने की मांग की गई थी, मामले की सुनवाई आज टाल दी है। हाई कोर्ट इस याचिका पर अभी विचार करने के बाद फैसला देने के लिए अगली तारीख 15 फरवरी की दी है।ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने, वहां मिले शिवलिंग की पूजा करने का अधिकार देने और पूजा करने से रोकने वालों का प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए किरण सिंह ने अदालत में वाद दायर किया था। इस पर मस्जिद पक्ष की तरफ से वाद की पोषणीयता को चुनौती दी गई।दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्ट्रैक) ने 17 नवंबर 2022 को वाद को सुनवाई योग्य पाते हुए मस्जिद की आपत्ति को खारिज कर दिया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) के इस आदेश के खिलाफ जिला जज की अदालत में मस्जिद पक्ष की ओर से याचिका दायर की गई।

प्रयागराज में एक्सप्रेस ट्रेन में अल सुबह बदमाशों ने की लूटपाट, मचा हड़कंप!

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। चलती ट्रेन में लूटपाट की घटना सामने आने के बाद रेलवे और जीआरपी में हड़कंप मच गया है। भुक्तभोगी यात्रियों ने बताया कि घटना सोमवार को भोर में करीब पांच बजे हुई। इरादतगंज से जसरा के बीच लूटपाट हुई। बदमाश अपने पास सांप लिए हुए थे और लोगों को डराकर पैसे छीन रहे थे। बदमाश शंकरगढ़ के पास चेन पुलिंग कर भाग निकले।,दानापुर से पुणे जा रही ट्रेन संख्या 2150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस में घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज व जसरा के बीच ट्रेन की जनरल बोगी में सोमवार सुबह साढ़े पांच के आसपास एक दर्जन यात्रियों से कुछ लोगों ने लूटपाट की। लूट-पाट करने के पश्चात बदमाश शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के पहले चेन पुलिंग कर फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी के बाद आरपीएफ जांच पड़ताल में जुटी हुई है।दानापुर पुणे एक्सप्रेस सोमवार सुबह 5:10 पर छिवकी स्टेशन पहुंची। 10 मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हो गई। लिंक जंक्शन के पास गाड़ी धीमी होने पर जनरल बोगी में चार युवक चढ़ गए। ट्रेन जैसे ही गाड़ी इरादतगंज से जसरा के बीच पहुंची बदमाशों ने यात्रियों के साथ मारपीट करते उनसे लूटपाट शुरू कर दी। लगभग एक दर्जन यात्रियों से पैसे और सामान छीने गए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश शंकरगढ़

स्टेशन से पहले चेन पुलिंग करके उतर गए।भुक्तभोगी यात्रियों के मुताबिक बदमाश मारपीट करने के साथ ही यात्रियों को सांप दिखाकर उनके साथ लूटपाट कर रहे थे। यात्रियों ने इसकी सूचना रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर दी। घटना की जानकारी पर हड़कंप मच गया। जनरल बोगी में यात्रा कर रहे मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद इम्तियाज निवासी गाज़ीपुर बरेसर थाना ने बताया की युवक अपने पास सांप लिए हुए थे, और लोगों को सांप दिखाकर मरना पीटना शुरू कर दिया।बदमाश लगभग एक दर्जन यात्रियों से हजारों की नगदी लूटकर शंकरगढ़ स्टेशन के पहले चेन पुलिंग कर उतर गए। पीड़ित ने बताया कि उनके साथ आनंद कुमार पुत्र गुलाब निवासी जौनपुर व अन्य के साथ लूट हुई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर छिवकी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है। स्टेशन पर कोई भी व्यक्ति जनरल बोगी में नहीं चढ़ा था।

धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिक उत्सव बच्चों ने नित्य कर मोहा मन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। मंगलवार बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय राबर्टसगंज वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रकाश सिंह उप शिक्षा

निदेशक, डॉ जे0 एन0 सिंह सर्जन श्रेया सर्जिकल हॉस्पिटल राबर्टसगंज, डा0 योगेश्वर प्रसाद डिप्टी सी0एम0ओ0, डा॰ एस0एन0 दूबे, संजय जायसवाल पूर्व नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, नजबून निशा सभासद वार्ड नं0 13, रामराज अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्ध समिति, धनन्जय कुमार सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी, रमेश प्रसाद चौरसिया, इन्दु प्रकाश सिंह, गणेश पाण्डेय, धर्मेन्द्र उपाध्याय, मदनलाल सहित अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकगण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम का संचालन विजय द्विवेदी द्वारा किया गया। उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों के समक्ष अध्ययनरत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां की गयी। उपस्थित बच्चों व अतिथियों द्वारा बच्चों की प्रस्तुतियों पर खूब तालियां बजाते हुए उनके हुनर की खूब तारीफ की गयी। मुख्य अतिथि डा0 योगेश्वर प्रसाद डिप्टी सी0एम0ओ0 द्वारा रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की तरफ से सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर उनकी हौसला आफजाई की गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह द्वारा उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए उनका आभार प्रकट किया।

कृषि निर्यात हेतु क्षमता संवर्धन एवं क्रेता- विक्रेता कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर। केंद्रीय मंत्री, जनपद की सांसद अनुप्रिया पटेल के प्रयास से जनपद मीरजापुर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जनपद में रोजगार व व्यापार की वृद्धि एवं जनपदवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई नई योजनाएं जनपद में लाने के लिए हमेशा प्रयासरत रही है। इसी के क्रम में जनपद के किसान भाइयों की जागरुकता हेतु आगामी 14 फरवरी को जनपद के सागा सिटी लॉन, विकासखंड सीखड़ में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 14 फरवरी 2024 को सुबह 9:00 बजे से सागा सिटी लॉन, विकासखंड सीखड़ चुनार मीरजापुर में होगा। कार्यक्रम में जनपद के किसान भाइयों को कृषि की नई उनन्त तकनीक के बारे में बताने के लिए 'एक किसान से निर्यातक तक का सफर' कैसे तय करें। यह बताने के लिए बड़े स्तर पर एक कार्यक्रम (कृषि निर्यात हेतु ठक्षमता संवर्धन एवं क्रेता- विक्रेता बैठक) का आयोजन किया जा रहा है।

प्रयागराज,दुष्कर्म पीडित छात्रा का हुआ मेडिकल, अब कोर्ट में होगा बयान!

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सागर पर दुष्कर्म व धमकी देने का आरोप लगाने वाली छात्रा का मेडिकल परीक्षण करा लिया गया है। मेडिकल की सभी औपचारिकताएं शनिवार को पूरी हो गईं। अब सोमवार को न्यायालय के समक्ष उसका बयान दर्ज कराया जाएगा। पुलिस इसके बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।चार फरवरी को छात्रा की तहरीर पर कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी प्रोफेसर इविवि के प्राचीन इतिहास विभाग में तैनात हैं। उसने आरोप लगाया है कि द्वितीय वर्ष में पढ़ने के दौरान आरोपी शिक्षक ने उसे प्रेम प्रस्ताव दिया, उसने इन्कार कर दिया था। इसके



बाद भी वह फोन व मैसेज भेजते रहे। ब्लॉक करने पर अन्य नंबरों से परेशान किया। एक दिन बहाने से कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म किया और किसी से शिकायत न करने को धमकाया। तहरीर के मुताबिक, घटना 15 जनवरी को हुई। शिकायत के बाद पुलिस ने अगले ही दिन छात्रा का बयान दर्ज किया। साथ ही मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया भी शुरू करा दी थी। सूत्रों के मुताबिक, अब सोमवार को छात्रा का न्यायालय में बयान दर्ज कराने की तैयारी है। इसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि आरोपी प्रोफेसर का अब तक पता नहीं चल सका है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। प्रयागराज परिचायिकाठ के प्रकाशन को लेकर आयोजित ठप्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशनठ के कार्यकारिणी की बैठक रविवार को मध्यान्ह एक बजे प्रधान कार्यालय नैनी में एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे सम्पनन हुई।बैठक में ठप्रयागराज परिचायिकाठ के प्रकाशन पर विस्तृत चर्चा के उपरांत शीघ्र ही एक कार्यसमिति के गठन का निणय्य लिया गया। कार्यसमिति में सक्रिय सदस्यों को ही शामिल करने पर भी सहमति बनी। यह भी प्रस्तावित हुआ कि नये सदस्य केवल फरवरी माह तक ही बनाये जायेगे, इस पर अगली बैठक में विचार किया जाएगा।उक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव एस पी सिंह ने बताया कि सामान्य सभा की अगली बैठक 18 फरवरी दिन रविवार को होगी, जिसमें परिचायिका प्रकाशन हेतु कार्यसमिति का गठन भी होगा।

थाना कोन पुलिस द्वारा 02 नफर अन्तर्राज्यीय पशु तस्करों को किया गया गिरफ्तार, मौके से 10 राशि गोवंश बरामद।

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा पशु तस्करो

एवं गोवध के अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ0 चारु द्विवेदी के निर्देशन में थाना कोन पुलिस टीम द्वारा अथक परिश्रम व पूर्ण मनोयोग से दिनांक 12.02.2024 की रात्रि लगभग 22.00 बजे थाना क्षेत्र के हल्दी गांव नदी किनारे से वध हेतु ले जा रहे 10 राशि गोवंश को बरामद कर मौके से 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 19/24 धारा 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है । विवरण पूछताछ- गिरफ्तारशुदा तस्करों ने पूछताछ करने पर बताया कि वे लोग विगत 3-4 वर्षों से पशु तस्करी का कार्य करते हैं। मध्यप्रदेश-प्रयागराज बार्डर से सस्ते दामों पर पशुओं को खरीदकर बिहार व झारखण्ड के पशु तस्करों को बेच देते है। आज रात्रि में पहाड़ी व जंगल के रास्ते पशुओं को झारखण्ड ले जा रहे थे।गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम पता-1-मु0 इकबाल अंसारी पुत्र नसरुद्दीन अंसारी निवासी पहड़ी बस्ती हनुमना थाना हनुमना जनपद मऊगंज मध्यप्रदेश उम्र करीब 28 वर्ष 2-मु0 अजीम खां पुत्र मु0 कलाम खां निवासी कदौरा थाना अमिलिया जनपद सीधी मध्यप्रदेश ।

आधुनिक
गेस्ट हाउस
• वाटर प्रूफ शेड
• पार्किंग की सुविधा
• मन्दिर की सुविधा
• सी.सी.टीवी.
• छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
• 45000 sq. feet. एरिया
• हरे-भरे वातावरण
• AC कमरा (VIP)

CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

लोहिया महाविद्यालय डिलाही मे आयोजित कार्यक्रम मे कुल 16 कम्पनियो ने प्रतिभाग किया

जिला समन्वयक, 30प्र0 कौशल विकास मिशन,सोनभद्र यजुवेन्द्र नाथ ने अवगत कराया है कि आज दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत 30प्र0 कौशल विकास मिशन सोनभद्र द्वारा विकास खण्ड करमा अन्तर्गत राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय डिलाही में आयोजित किया गया, जिसमें 16 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग

किया गया, इस रोजगार मेले में 368 युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 153 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर रोजगार मेले के मुख्य अतिथि मा0 ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि करमा तथा यजुवेन्द्र नाथ प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रावट्र्सगंज/जिला समन्वयक 30प्र0 कौशल विकास मिशन, निशांत ओझा एवं मनीष कुमार जिला कौशल प्रबन्धक तथा प्रशिक्षण प्रदाता से महेश कुमार मिश्रा, मुनन यादव, रविशंकर मौर्या, तथा सम्मानित नागरिक उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि जनपद के अन्य विकास खण्ड स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किये जाने हेतु तिथि निर्धारित किया है 13 फरवरी,2024 को विकास खण्ड नगवां के यू0सी0सी0 इन्फोटेक प्रशिक्षण केन्द्र पौनी, वैनी में व चतरा वेक चौधरी महादेव सिंह महाविद्यालय चतरा में, 14 फरवरी को घोरावल ब्लाक परिसर घोरावल में, 16 फरवरी को जुगैल पंचायत भवन परिसर, जुगैल चोपन में, 17 फरवरी को विकास खण्ड राबट्र्सगंज वेक राजकीय आई0टी0आई0 कैम्पस, लोढ़ी, रावट्र्सगंज में, 18 फरवरी को विकास खण्ड कोन के आदर्श ड्रिग्री कालेज कचनरवा में, 19 फरवरी को म्योरपुर ब्लाक परिसर, म्योरपुर में, 20 फरवरी को सेवाकुंज आश्रम परिसर बभनी में तथा 21 फरवरी, 2024 को विकास खण्ड दुद्धी के जी0आई0टी0आई0 कैम्पस में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

रोजगार मेले में 154 अभ्यथिर्यों वितरित किया गया आफर लेटर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर।मीरजापुर 12 फरवरी 2024- दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन राजगढ़ ब्लाक में स्थित तथागत निजी आईटीआई दधिया राजगढ़ मीरजापुर के प्रागंण में किया गया।मुख्य अतिथि गजेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अपने संबोधन ने कहा कि आज देश-प्रदेश सरकार प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रही है इसी क्रम में आपके द्वार आज रोजगार मेला का आयोजन हुआ है। मेले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यथिर्यों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में बेरोजगार युवा मेला में सम्मिलित हो और लाभ प्राप्त करें तथा साथ ही सरकार द्वारा चल रहे योजनाओं के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने अभ्यथिर्यों को आफर लेटर भी वितरित किया। इस मेले में कुल 278 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिसमे 154 अभ्यथिर्यों का चयन किया

मेला का शुभारंभ किया गया। नोडल राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मेले में रहे विशिष्ट अतिथि ई0 रामलौटन बिंद को जिला कौशल प्रबंधक अचल सिंह ने माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।प्रधानाचार्य द्वारा अपने स्वागत भाषण देते इस रोजगार मेले के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया एवं इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों एवं अधिष्ठानों का स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने गया। रोजगार मेले में 09 कंपनियों ने शिरकत किया जिसमे एनटीपी सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, अमास स्किल सोल्यूशन, पीपल ट्री ऑनलाइन, एसआईएस सिक्योरिटीज़ वर्धमान, सफायर हेल्थ सॉल्यूशन इत्यादि अधिष्ठान ने प्रतिभाग किया। कार्यदेशक उमाशंकर सिंह ने इस रोजगार मेला में आए हुए सभी अतिथियों, अधिष्ठान एवं अभ्यथिर्यों का धन्यवाद दिया एवं सबका आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समापन की घोषणा किया।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय एवं तहसील सदर का किया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर।मीरजापुर 12 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय एवं तहसील सदर में पहुंचकर दोनो कार्यालयो का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कुछ पुरानी पत्रावलियो की जानकारी करने पर

बताया गया कि कुछ पत्रावलिया 40-50 वर्ष पूर्व की है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि रेवन्यू नियमावली के तहत पुरानी पत्रावलियो को नियमानुसार निस्प्रयोज्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों के सर्विस बुक, जी0पी0एफ0 पासबुक आदि का निरीक्षण किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित पटल सहायक को निर्देशित कि सर्विस बुक के अनुसार सभी जी0पी0एफ0 पास बुक पर भी नामिनी का नाम दर्ज कर किया जाय। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अलमारियो को खुलवाकर रखरखाव को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय के एक-एक पटल पर पहुंचकर सम्बन्धित पटल सहायको से उनके कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी ली गयी।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के क्रम में तहसील सदर पहुंचकर कार्यालय का निरीक्षण किया। तहसीलदार न्यायालय में वादो के निस्तारण तथा लम्बित वादो के पत्रावलियो को निकालकर देखा गया जिसमें तीन वर्ष व पांच वर्ष से अधिक वादो को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण का निर्देश दिया गया। अमीन संग्रह अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उपस्थित ए0डब्लू0बी0एन0 को कम्प्यूटर खोलकर आनलाइन कायी को दिखाने को कहा गया तो कम्प्यूटर की जानकारी न होने की बात पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल को निर्देशित किया कि प्रत्येक ए0डब्लू0बी0एन0 को कल से ही एन0आई0सी0 अथवा ई डिस्ट्रिक मैनेजर के द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलवाया जाय। उन्होने कहा कि एक सप्ताह के बाद इन सबका पुनः निरीक्षण किया जायेगा तब तक कम्प्यूटर के बारे में सामान्य जानकारी अवश्य सीख ले। निरीक्षण के दौरान सभी नायाब तहसीलदार न्यायालय, तहसील के पटल सहायको के कायी के बारे में जानकारी लेते हुये पूरे परिसर में भ्रमण करते हुये निरीक्षण किया गया तथा बेहतर साफ सफाई कराने का निर्देश उप जिलाधिकारी सदर आसाराम वर्मा को दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ

बच्चो को कम्बल व चाकलेट का पैकेट देकर अपने वाहन से भेजवाया उसके गांव

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

जिलाधिकरी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट में दूर दराज से आये फरियादियो की समस्याओं को सुना इस दौरान हलिया विकास खण्ड के ग्राम सिकटा की कुमारी रेखा उम्र लगभग 12 वर्ष व अंकित कुमार उम्र लगभग 08 वर्ष पुत्री/पुत्र पिंटू ने जिलाधिकारी से मिलकर अपने जमीन पर कुछ दबंगो के द्वारा जबरदस्ती कब्जा करने की शिकायत की तो जिलाधिकारी ने इन बच्चों की शिकायत को गम्भीरत से लेते हुये तत्काल उप जिलाधिकारी लालगंज को सभी प्रकरण की जांच कर अविलम्ब निस्तारण का निर्देश दिया तथा दोनो बच्चों को अपने पास बैठाकर चाकलेट का पैकेट व एक-एक कम्बल देते हुये कलेक्ट्रेट नाजिर से सरकारी गाड़ी मंगवाकर ग्राम सिकटा हलिया उसके घर तक भेजवाया। जनता दर्शन में उपस्थित अन्य फरियादियो की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी व्हाट्सएप पर उनके प्रार्थना पत्रो को भेजकर पुनः फोन करते हुये ससमय व संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया।

यूपी सिपाही भर्ती का प्रवेश पत्र हुए जारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती के लिए 17 व 18 फरवरी को पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। यूपीपीआरपीबी की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि

होने वाले लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र अभ्यर्थी मंगलवार से प्राप्त कर सकेंगे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोनन्ति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र अपलोड कर सकेंगे। इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को प्रदेश के विभिनन जिलों के परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की थी।बता दें कि 'मिशन रोजगार' के तहत प्रदेश सरकार ने 23 दिसंबर को यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार पदों के 60,244 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा में 48,17,441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसके लिए सभी 75 जिलों में 2377 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोनन्ति बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने आगामी 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में होने वाली परीक्षा के आयोजन के लिए सभी जिलों के डीएम और पुलिस कप्तानों को परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती के मानकों, नोडल अफसर बनाने के संबंध में अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभ्यर्थी ऐसे डाउनलोड करें प्रवेश पत्र - पहले यूपीपीआरपीबी की वेबसाइट पर जाएं - होम पेज पर नोटिस टैब पर क्लिक करें - इसके बाद उप्र पुलिस में रिजर्व सिविल पुलिस के पदों के लिए सीधी भर्ती-2023 के लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड लिंक पर क्लिक करें - अपने क्रेडेंशियल दर्ज करें और इसे सबमिट करके एडमिट कार्ड डाउनलोड करें सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए बोर्ड में प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है, जिसे अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर 13 फरवरी से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस भर्ती परीक्ष में शामिल होने के लिए 50 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। बोर्ड की अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा के लिए प्रदेश के विभिनन जिलों में 6484 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं । बनाए गए 2377 परीक्षा केंद्र सिपाही नागरिक पुलिस

नोएडा महानगर के कवित गुर्जर व अज़ीम ज़ैदी बने सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा।नोएडा समाजवादी पार्टी के ऊर्जावान नेता कवित गुर्जर को व लोहिया वाहिनी के पूर्व महानगर अध्यक्ष अज़ीम ज़ैदी को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल जी की संस्तुति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा जी के द्वारा उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाए गए । कवित गुर्जर व अज़ीम ज़ैदी ने कहा की जो जिम्मेदारी उन्हें पार्टी ने दी है वह लोकसभा चुनाव में तन मन धन से दिन रात मेहनत करंगे और माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मज़बूत करेंगे, वह समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचने का काम करेंगे

बाल भिक्षावृत्ति को रोकने व ट्रांसजेण्डर को योजनाओं से जोड़ने पर दिया बल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर।मीरजापुर 12 फरवरी 2024- कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज समस्त खण्ड विकास अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर

बाल भिक्षावृत्ति को रोकने, उन्हे प्राथमिक विद्यालयो व कस्तूरबा गांधी विद्यालयो में नामांकन कर शिक्षा से जोड़ने तथा जनपद में रह रहे ट्रांसजेण्डर लोगो को विभिनन शासकीय योजनाओं से जोड़ने पर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में भिक्षावृत्ति में संलिप्त निवास कर रहे परिवारो की सूची बनाकर उनके बच्चों को स्कूलो में प्राथमिक विद्यालयों/कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में नामांकन कराने हेतु उन्हे समझाया जाय ताकि उन्हे भिक्षावृत्ति से मुक्ति दिलाकर किसी न किसी स्वारोजगार से जोड़ा जा सकें। उन्होने कहा कि इसी प्रकार जनपद में रह रहे ट्रांसजेण्डर लोगो की भी सूची बनाते हुये उनका आधार कार्ड यदि न हो तो बनवाया जाय तथा आयुष्मान कार्ड बनवाते हुये शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी उन्हे उपलब्ध कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी व नगर निकायो के अधिशासी अधिकारी एक सप्ताह के अन्दर चिन्हित करते हुये सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपलब्ध करायी जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अजय प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

मशीनो की गुणवत्ता को देखते हुये रोस्टर बनाकर दिया जाय प्रशिक्षण

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर। मीरजापुर 12 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो के उचित दर दुकानो में इलेक्ट्रानिक वेईंग मशीन एवं ई पास मशीनो की स्थापना एवं संचालन तथा जिला खाद्य एवं सर्तकता समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद की तहसीलो में उचित दर की दुकानो की संख्या के अनुसार ई कांटे तथा ई पास मशीनो का सुरक्षित भंडारण उप जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थान पर सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त एजेंसी को निर्देशित करते हुये कहा कि मशीने गुणवत्तापूर्ण हो जिसकी गुणवत्ता की लिखित रिपोर्ट भी उपलब्ध करायी जाय। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण के लिये रोस्टर बनाते हुये बेहतर जानकारी कोटदारो को दी जाये ताकि आगे चलकर किसी प्रकार की परेशानी न होने पाये। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर तैयारियों के लिये बाट माप विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक कराते हुये कार्य को नियोजित एवं समयबद्ध रूप से सम्पनन कराना सुनिश्चित किया जाय तत्पश्चात जिला सर्तकता समिति की बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 का क्रियान्वयन, खाद्यान वितरण, वितरण

स्थल पर बाट माप विभाग के निरीक्षको के द्वारा ई कांटो के कैलिबरेशन/स्टॉम्पिंग का कार्य कराते हुये यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सम्बन्धित सिस्टम इंटीग्रेटर द्वारा स्टाम्पिंग का शुल्क नियमानुसार समय से जमा किया जाय। सम्बन्धित संस्थाओं के मास्टर ट्रेनर के द्वारा उक्त स्थान पर उचित दर विक्रेताओं को प्रशिक्षण सम्पनन कराया जायेगा।मुख्य विकास अधिकारी ने ई पास व वेईंग मशीन की क्रय व्यवस्था, सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था, आधार फीडिंग एवं सीडिंग, प्राप्त शिकायतो/आई0जी0आर0एस0/काल सेंटर आदि शिकायतो का निस्तारण, फोर्टीफाइड राइस, उचित दर दुकानों की नियुक्ति तथा प्रवर्तन कार्यवाही के बारे में बारे में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी ली गयी। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी संजय बरनवाल के अलावा सभी पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहें।

डिवाइडर से टकराई तीर्थ यात्रियों से भरी बस, दर्जनों यात्री घायल!

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रतापगढ़।प्रतापगढ़ अमेठी जनपद की सीमा पर प्रतिबंधित मानक के

विपरीत बनाये जा रहे टोल प्लाज़ा के डिवाइडर से एक प्राइवेट बस टकरा गई। बस में सवार 65 यात्री घायल हो गए बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इससे मौके पर अफरातफरी मची रही। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में सवार यात्री प्रयागराज सनन करने जा रहे थे। बस में बहराइच और गोंडा जनपद के सननार्थी सवार थे।घटना मंगलवार भोर में 3.30 बजे हुई। बस सोमवार को रात 8 बजे बहराइच के बड़गड़वा बाजार से चली थी। हादसे में जीवन लाल (57), बबलू (35) चततुरपुरवा रायपुर थाना कटरा बाजार गोंडा निवासी हैं। पारस नाथ, गोमती थाना हजूरपुर बहराइच, बृजेश (10) पुत्र शिव गोपाल, मिश्रीलाल, बिरहिमपुर थाना करनैलगंज गोंडा, अरुण कुमार पुत्र मिश्रीलाल, धनीराम पुत्र शंकर बिराहिमपुर, पुद्दन पुत्र नन्हकू बिराहिमपुर गोंडा, मोहित पुत्र अवधराम गांव चौधरी गोड़ा थाना हुजूरपुर बहराइच, गुल्लू प्रसाद पुत्र गंगा प्रसाद चौधरी गोंडा जिला बहराइच थाना हुजूरपुर, मेवा लाल चौधरी गोंडा थाना हुजूरपुर बहराइच, सोनम पतने रघुनाथ करीडीहा थाना रानीपुर बहराइच, ममता पतने जग प्रसाद थाना हुजूरपुर चौधरी गोंडा, बहराइच, राधा पतने श्याम लाल, चौधरी गोंडा हुजूरपुर बहराइच, शिवपत्ती पतने बोधई गांव मथी थाना हुजूरपुर बहराइच, जनका पतने शत्रुघन गांव मथी थाना हुजूरपुर बहराइच घायल हैं।

प्रयागराज में भारी वाहन नहीं कर सकेंगे प्रवेश, जानें किस कारण

प्रशासन ने लिया बड़ा फैसला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।संगम नगरी में माघ मेले में वसंत पंचमी सनन पर्व और अचला सप्तमी को लेकर ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया गया है।ट्रैफिक प्लान के तहत मंगलवार सुबह पांच बजे से भारी वाहन संगम नगरी में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। बाहर से वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा और प्रमुख स्थानों पर नो इंट्री लागू रहेगी।यह व्यवस्था 13 फरवरी की सुबह पांच बजे से 17 फरवरी तक लागू रहेगी।इस दौरान जिन वाहनों को ट्रैफिक पुलिस की ओर से पास जारी किया गया है, उन पर भी यह व्यवस्था लागू

रहेगी। नो इंट्री प्वाइंट पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकमिर्यों की तैनाती की जा रही है।जानें कहां बनाया गया नो इंट्री प्वाइंटमलाक हरहर तिराहा, हबूसा मोड़, सोरांव बाइपास, नवाबगंज बाइपास, फाफामऊ, मंदर मोड़ धूमनगंज, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा, रामपुर चौराहा, घूरपुर थाना गेट, लैप्रोसी चौराहा और अंदावा चौराहे को नो इंट्री प्वाइंट बनाया गया है।जानें किन मार्गों पर रहेगा रूट डायवर्जन कानपुर से आने वाले भारी वाहनों को कोखराज कौशांबी में बने बाइपास पर मोड़ दिया जाएगा, जो बाइपास से हंडिया होते हुए वाराणसी जाएंगे।वाराणसी की ओर से कानपुर जाने वाले वाहनों को हंडिया बाइपास रोड होते हुए कोखराज से कानपुर की तरफ जाएंगे।फतेहपुर स्थित चौडगरा चौराहे से बिंदकी से बंधवा तिराहा ललौली से चिल्ला होते हुए बांदा की तरफ भेजे जाएंगे। वापसी का मार्ग भी यही रहेगा।कानपुर से मीरजापुर की तरफ जाने वाले वाहनों को बिंदकी से ललौली होते हुए बांदा की तरफ भेजे जाएंगे। कर्वी से मऊ, शंकरगढ़, नारीबारी, खीरी, कोरांव, मांडा से दाहिने मुड़कर मीरजापुर की तरफ जाएंगे। वापसी का मार्ग भी यही रहेगा।कानपुर से रीवा की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए घाटमपुर, हमीरपुर रोड बांदा, कर्वी, शंकरगढ़, से नारीबारी से दाहिने मुड़कर रीवा जाएंगे। वापसी का मार्ग भी यही रहेगा।

मनोज कुक्कीवों पिन अवार्ड से सम्मानित हुए

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

लखनऊ में आयोजित हुए अखिल भारतीय ब्लैक बेल्ट परीक्षा, राष्ट्रीय रेफरी और कोच सेमिनार के दौरान सम्मान समारोह में अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, ग्रैंड मास्टर पीटर जगतियानी, गौरव चौहान, राजेश

भारत में ताइक्वांडो के संस्थापक ग्रैंड मास्टर डॉ जिम्मी आर जगतियानी ने राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मनोज वर्मा को प्रतिष्ठित 'कुक्किवोन पिन' से सम्मानित किया। मनोज वर्मा को ये सम्मान भारत में ताइक्वांडो खेलो में अभूतपूर्व योगदान देने, प्रचार प्रसार व पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से आत्म रक्षा की कला के नाम से जाने जाने वाले मार्शल आर्ट के क्षेत्र में उनके समर्पण के लिए प्रदान किया गया। गौरतलब है कि साउथ कोरिया के कुक्कीवोन में विश्व ताइक्वांडो का मुख्यालय स्थित है। जहां से वैश्विक स्तर पर ताइक्वांडो खेल की हर एक्टिविटी को नियंत्रित किया जाता है, साथ ही कुक्कीवोन विश्व स्तर पर ताइक्वांडो खेल को सिखाने का लाइसेंस भी देता है। कुमार सिंह, सुरेश छबलानी सहित ताइक्वांडो के अनेक खिलाड़ी और पदाधिकारी उपस्थित थे।फायर में 'गोल्ड मेडलिस्ट' मनोज वर्मा ताइक्वांडो के नेशनल खिलाड़ी और वर्तमान में लखनऊ सिविल डिफेंस में सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर के पद पर कार्यरत हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 15 अगस्त 2022 की पूर्व संध्या पर मनोज वर्मा को अपने विभाग में सराहनीय कायी के लिए राष्ट्रपति पदक प्रद्दत्त होने की घोषणा हुई थी। वर्ष 1989-90 में ताइक्वांडो में महारथ हासिल करके ब्लैक बेल्ट प्राप्त की थी। गत वर्ष ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा मनोज वर्मा को 'ताइक्वांडो हॉल ऑफ फेम इंडिया 2023' सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

कचरे के जलने से होने वाली है क्षेत्र में भयंकर बीमारी, प्रशासन मौन क्यों

डाला सोनभद्र - निजी कंपनी के द्वारा कचरे ले भंडार को जलाने से नगर में हो रहा बीमारी का खतरा , ऐसे में नही सूझ रहा प्रशासन , जबकि कचरे के जलने के बाद मीथेन गैस जैसे जहरीली गैस निकलती है। पर्यावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है वही जान का नही खतरा बढ़ गया है। डाला स्थित अल्ट्राटेक सीमेन्ट यूनिट में फैक्ट्री चलाने के लिए बाहर से मंगाए गए कचरे/कूड़े के सड़े गले मलवे से स्थानीय निवासियों के जान का खतरा बढ़ रहा है वही प्रशासन सुध लेने को तैयार नही है, जबकि सभी जानते है की कचरे से मीथेन जैसे जहरीली गैस निकलती है जिससे स्वास , अस्थमा जैसे बीमारी का प्रकोप बढ़ सकता है, ऐसे में नगरवासियों के जन की कीमत अल्ट्राटेक सीमेन्ट यूनिट के लिए आम बात बन कर रह गया है। सिविल सर्जनों ने बताया कि

कचरा में आग लगाने से हानिकारक गैस मिथेन, सल्फर, कार्बन डाय आक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड निकलते है, जो हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है और ओजोन परत को क्षति पहुंचाता है। ये गैस मानव शरीर के लिए खतरनाक व जानलेवा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमेन्ट यूनिट के अधिकारी पर जनहित के नुकसान का कोई फर्क नही पड़ता

मैहर जिले में अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मैहर। आदर्श वॉलीबॉल क्लब मैहर के तत्वाधान में आयोजित एमपी बिरला कपअखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन माननीय श्री श्रीकांत चतुर्वेदी

विधायक मैहर के मुख्य अतिथि माननीय श्री कमलेश सुहाने की अध्यक्षता श्रीमती रानी वाटड कलेक्टर मैहर डॉक्टर कैलाश जैन श्री हरि सिंह चौहान महासचिव वालीबाल संघ मध्य प्रदेश श्री विश्वनाथ चौरसिया गुड्डू भैया वरिष्ठ समाज सेबी की गरिमा मई उपस्थिति में संपनन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के चित्र पट पर पूजा अर्चना कर दिया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों का कुछ भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर महिला वर्ग फाइनल मैच केरल एवं पुणे के मध्य खेला गया जिसमें पुणे तीन एक से विजयी रही दोनों टीमों के बीच चार सेट खेले गए जिसमें सीधे सेटों में 25-16, 23- 25,25- 15,25- 17 पुणे की टीम विजयी रही, पुरुष वर्ग में यू पी स्पाईकर एवं पंजाब के मध्य खेला गया जिसमें पंजाब ने 5 सेटों का मैच खेला गया जिसमें 21-25,25-20, 25- 21,22- 25,15-12 से पंजाब विजयी रही।इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी जी ने कहा कि मैहर में खेलों के विकास के लिए किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने देंगे भविष्य में और अच्छे बेहतर आयोजन किए जाएंगे अपने उद्बोधन में कमलेश सुहाने जी ने कहा कि मुझे इस बात की अति प्रसनन्ता होती है कि मैहर जैसे छोटे शहर में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन होते हैं इसके लिए मै सभी आयोजन मंडल को बहुत-बहुत बधाई देता हूं मैहर में उत्कृष्ट कार्य हेतु श्री बी एल अग्रवाल श्री विश्वनाथ चौरसिया एवं माई की रसोई के संचालक धीरज पांडे जी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप मिश्रा पर नगर पालिका अध्यक्ष आर के सिंह धर्मेश घईअधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिलीप मिश्रा सूर्य प्रकाश चौरसिया रमापति गौतम विकास तिवारी जयंती महेश तिवारी नीरज गर्ग अरुण सिंह अरुण तनय मिश्रा सचिव टी आर बाजपेई राम सिंह अरुण तिवारी नीलू दरियानी अंबालाल संजय जादवानी कमल सावलानी छोटू मैनी मंजू सर सूर्यकांत द्विवेदी रियल द्विवेदी संतानी जोशहित भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे

खनन में हैवी ब्लास्टिंग से दहला रेलवे स्टेशन, हो सकती है बड़ा हादसा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। बिल्ली रेलवे स्टेशन के पास नियमों को ताख पर रख कर कर रहे पत्थर खनन में जिम्मेदार मौन, जनपद इस समय अवैध खनन में लिप्त है , कही मानक के बिपरीत तो कही मनमानी तरीके से हो रहे खनन में संलिप्तता सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे है। जहां मुख्यमंत्री महोदय ने देश से भ्रष्टाचार मिटाने की बात की। वही जनपद भ्रष्टाचार का है बन गया। जनपद में रेलवे स्टेशन चोपन/ओबरा थाना





अंतर्गत चल रहे खादान बीसीएस इंटरप्राइजेज को बढ़ावा देना है। खनन मात्र एक दिखावा है । मकसद तो कुछ और है। क्योंकि नियमानुसार हमेशा डीजीएमएस टीम द्वारा जांच करने का सिलसिला क्षेत्रो में सुनने को आता है। और भारी सुविधाओ के साथ मानक को दरकिनार कर दिया जाता है। बिल्ली जंक्शन पर हमेशा खादान में होने वाले ब्लास्टिंग की वजह से मौत मंडराता रहता है। यात्रियों के लिया बना प्रितिक्षालय बनते ही ब्लास्टिंग की वजह से जर्जर हो गया। दीवारे फट चुकी है। अभी वर्तमान में ही बना रेलवे स्टेशन पर ब्रिज का यही हाल है। सीढ़ियों व फाउंडेशन की स्थिति बहुत ही खराब है। सभी जगह के पत्थर लगाए गए स्थान से अलग हो चुके है। फिरभी खनन माफिया अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे।

क्षेत्र में फैल रहे बीमारी का जिम्मेदार निजी कंपनी, जाने कैसे?

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। निजी कंपनी (अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा हॉस्पिटल के नाम पर खानापूर्ति ही हो रही है। वही नगर





सीमेंट यूनिट डाला)द्वारा प्लांट चलाने के लिए जिन कचरे का उपयोग किया जा रहा है उससे जान जीवन को बहुत ही छति का सामना करना पड़ रहा है। अपने स्वार्थ में जनहित का कोई मतलब नही। निजी कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट में कीलन चलाने के लिए जिन कूड़ा कचरे का प्रयोग किया जा रहा है वह कही न कही से कचरे की ढेर है। जिस समय गाड़िया कचरे लेकर सड़क से गुजरती है । सड़क बदबूदार हो जाता है। इससे तरह-तरह की बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। देखा जाय तो अक्ट्रेटेक निजी के लोगों का इलाज भी भगवान भरोसे है। कचरे का जन जीवन पर प्रभाव जिस प्रकार के कचरे/कूड़े का प्रयोग फैक्ट्री चलाने के लिए डाला में किया जा रहा है। उसमें से मीथेन गैस निकलती है जिसके कारण मीथेन प्रदूषण, जो ज़मीनी स्तर के ओज़ोन का एक प्राथमिक घटक है और बेंजीन जैसे जहरीले रसायनों के साथ उत्सर्जित होता है, जिससे हृदय रोग, जन्म दोष, अस्थमा और अन्य प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से संबद्ध है।

आधुनिक समाचार विशेषांक का हुआ आभासी विमोचन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज।आधुनिक समाचार पत्रिका प्रमुख संगीता शर्मा द्वार संकलित मासिक विशेषांक माघ मेला अंक का आज वर्चुअली विमोचन किया गया जिसमें आधुनिक समाचार के सभी सदस्य मौजुद रहे बसंत पंचमी के शुभ दिन माघमेला विशेषांक का विमोचन किया गया माघमेला प्रभारी दिलीप जायसवाल, रेडियो प्रमुख सुधांशु शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रामजी केसरवानी, मोहम्मद इम्तियाज आकाश केसरवानी का धन्यवाद पत्रिका प्रमुख ने ग्यापित किया एवं प्रति माह विशेषांक निकालने का निणय्य लिया गया अगला मासिक अंक महिला दिवस विशेषांक होगा

लोकसभा सांसद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंप कर उठाई मांग

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। राष्ट्रीय /प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन पर उ प्र उद्योग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने राबट्सगंज लोकसभा के सांसद के प्रतिनिधि कुलदीप जी को माननीय प्रधान मंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन सौपा और माग की कि एम एस सेमी व जी एस टी की समस्याओं को हल कराया जाए जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि एम एस सेमी में व्यापारियों के लेन देन को समय बद्ध कर पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है जो न्यायसंगत नहीं है जी एस टी में 17-18 व 18-19 की नोटिस जारी की जा रही है ब्याज दर ज्यादा है पेनाल्टी 10000 से

ज्यादा न हो धारा 61 के अन्तर्गत उएऊँ 9ण् के अन्तर्गत जिन व्यापारियों पर उएऊँ 9 /9ण् न लागू होता हो उन्हें नोटिस न जारी किया जाय धारा 61 अन्तर्गत यदि विसंगतिया का अन्तर 5000 से कम है तो उन्हें नोटिस न जारी किया जाय अन्य सात सूत्रीय माग पत्र सौपा ज्ञापन देने के दौरान बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल जिला महामंत्री राजेश बंसल जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल युवा जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल जिला संगठन मंत्री राजेश सोनी नगर अध्यक्ष आनन्द जायसवाल जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी नगर महामंत्री राजेश जायसवाल नगर संगठन मंत्री अभिषेक केशरी इलेक्ट्रॉनिक अध्यक्ष दिनेश गुप्ता आदि व्यापारी गण उपस्थिति थे

नगरीय निकायों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। 30प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय

निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 0, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। वहीं रूबी प्रशाद ने बताया कि विस्तारित कारण में जुड़े गांवों में भी साफ सफाई नाली व लाइटिंग की व्यवस्था को लेकर संबंधित सभासद वह ग्रामीण से हुए अवगत कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तत्काल करें निस्तारण।विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/ नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।

तीन सूत्री मांगों को लेकर ग्राम प्रहरी चौकीदारों ने भरी हुंकार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को ग्राम प्रहरी चौकीदार संघ बैनर तले अपनी तीन सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौप कर बुलंद की आवाज ।जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद पासवान ने बताया किउत्तर प्रदेश के ग्राम प्रहरी चौकीदारों को वेतन में वृद्धि कर राज्य कर्मचारी का दर्जा सहित अन्य राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा। सरकार न बनने पर केंद्र सरकार द्वारा ?10500 /माह दिलाया जाएगा। प्रदेश के ग्राम प्रहरियों ने दो बार सरकार बनने में अपनी अहम भूमिका निभाई, लेकिन सरकार के द्वारा चौकीदार पद का नाम बदलने के अलावा कोई आशा जनक मांग पूरी नहीं की। अतः ग्राम प्रहरी चौकीदार अपनी

मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है वही शिव प्रशाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लगभग 70000 ग्राम प्रहरी / चौकीदार ?2500 अल्प वेतन में 24ङ7 दिन निरंतर ग्राम की निगरानी रखवाली करते हुए, अपराधिक गतिविधि की सूचना थाना पर देते हैं। मंहगाई की मार को झेलते हुए कई वर्षों से अपनी मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचाते रहे हैं। महोदय जी उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले चौकीदार संघ के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को भाजपा कार्यालय लखनऊ में बुलाकर यह वादा किया था कि आप मेरा साथ दीजिए। मेरी सरकार अथवा भाजपा की सरकार बनने पर आप सभी ग्राम प्रहरी चौकीदारों को वेतन वृद्धि करते हुए मांग पूर्ति हेतु पुनः अन्तिम बार आपके पास आए हुए हैं।मांग के मुख्य बिंदु1- ग्राम प्रहरी चौकीदारों के वेतन वृद्धि करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।2- पुलिस के अनुरूप वर्दी एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।3- पुलिस रेगुलेशन के अनुसार ग्राम प्रहरी चौकीदारों से कार्य लिया जाए। आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उत्तर प्रदेश के 70000 ग्राम प्रहरी चौकीदार लगभग 35 लाख वोट का प्रतिनिधित्व करते है। । इस दौरान राजकुमार ,वृंदा, राजेश, बुडुक ,पंकज, पवन, विनोद कुमार ,गुलाब, हरकेश, वीरेंद्र कुमार, अवधेश, रविंदर ,विजय, भूपेंद्र ,दूधनाथ, नितेश, अशोक, रमेश, अजय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा चंदौली में सोनभद्र से जाएंगे 5000 कांग्रेस कार्यकर्ता

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी बैठक सोमवार को जिला/ शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई । तैयारी बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जनपद सोनभद्र के प्रभारी राकेश मौर्य ने कहा कि माननीय श्री राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा है जो सोनभद्र के बगल के जनपद चंदौली से होकर जा रही है सोनभद्र कांग्रेस जनों के

लिए यह ऐतिहासिक पल है जिसमें सोनभद्र के जिला/ शहर/ फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन से लगभग 5000 से ऊपर कार्यकर्ता यात्रा में जाने के लिए संकल्पित है यह यात्रा भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय लिखेगी जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में दुद्धी, म्योरपुर ,बभनी, चोपन कोन, नगवा,घोरावल, कर्मा ,रावटसगंज, चतरा ब्लॉक से बहुत सारे उत्साहित कार्यकर्ताओं का फोन यात्रा में शामिल होने के लिए आ रहा है जो इस ऐतिहासिक यात्रा के पल का गवाह बनेंगे हम सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होंगे ।शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने बताया कि सोनभद्र नगर से लगभग 500 कार्यकर्ता भारत जोड़ो न्याय यात्रा में चलेंगे राहुल गांधी जी की यात्रा बिहार के बॉर्डर से शुरू होकर चंदौली के सैयदराजा में सभा करके शुरू होगी जो मुगलसराय में पैदल मार्च करते हुए पहले दिन की यात्रा पड़ाव रामनगर में विश्राम करेगी दूसरे दिन की यात्रा पीली कोठी वाराणसी से शुरू होकर मैदागिन तक जाएगी और बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए आदरणीय श्री राहुल गांधी जी जाएंगे उसके पश्चात गोदौलिया और अन्य जगहों पर सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे बैठक में विभिनन जिला शहरके पदाधिकारी,ब्लॉकों के अध्यक्ष लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी,रमेश देव पांडे, कमलेश ओझा,हाजी फरीद अहमद, श्री जगदीश मिश्रा, शशांक मिश्रा,श्री गोपाल स्वरूप पाठक, श्रीमती संगीता श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा सिंह, विशिष्ट कुमार चौबे, अजीत वियार, आशुतोष दुबे, शंकर लाल भारती, जितेंद्र देव पांडे, निगम मिश्रा, अमरेश देव पांडे, बंशीधर देव पांडे, प्रदीप कुमार चौबे।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजिनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
महानिदेशक अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश
★C.O.P.A. ★Electrician ★Fire Safety & Industrial Security ★Computer Hardware & Maintenance
★Fitter ★Computer Application ★Welding Technology
★Security Service ★Repair of Refrigerator & A.C. ★Computer Teacher Training
★Electric Technician ★Certificate in YOGA
Message
नन्दी गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन एवं नागरिक उड्डयन विभाग
उत्तर प्रदेश
मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र" द्वारा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "प्रवेश विशेषांक" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र / छात्राओं में चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने मे अवश्य सार्थक सिद्ध होगी।
संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका " प्रवेश विशेषांक" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं!
भवदीय
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
Nand Goapal Gupta
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
N.C.V.T. D.G.E.T से मान्यता प्राप्त
फिटर
आसान किस्तों में फीस जमा करने की सुविधा
COPA
छात्रवृत्ति की सुविधा
100% प्लेसमेंट की गारंटी
अप्रेन्टिशिप की सुविधा
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity

बीजेपी कार्यालय पर लोकसभा कार्यशाला का आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मीरजापुर ।आज दिनांक 13 फरवरी 2024 को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बरौंधा कचार मीरजापुर के सभागार में लाभार्थी सम्पर्क अभियान एवं लोकसभा कार्यशाला सम्पनन हुआ । कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह जी ने प्रदेश सरकार से आये हुए बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभारी) एवं मीरजापुर लोकसभा क्लस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्र ब्लदयालुब्ल जी का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया तथा अपने स्वागत भाषण में आये हुए सभी अतिथियों एवं लोकसभा कार्यशाला फोरम के पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन किया । कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि / मुख्य वक्ता मंत्री आये हुए सभी फोरम के पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए बताया कि जिले में लगाये गये सभी अभियानों के प्रमुख अपने - अपने अभियान को शत प्रतिशत पूरा करें । सभी जिला व मंडल के पदाधिकारी बूथों पर जाकर अभियानों के माध्यम से लाभाथिर्यों से मिले तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएं । क्लस्टर प्रभारी / मंत्री साथ में यह भी कहा कि अभी तक जो अभियान पूर्ण नहीं हुआ है उसे शत प्रतिशत करने का प्रयास करें । साथ में 01 से 04 मार्च लाभार्थी सम्पर्क विशेष अभियान जो पी0पी0 टी0 द्वारा प्रस्तुतीकरण प्रत्येक मंडल में आई0टी0 के माध्यम से समझाया जायेगा । उसके बाद घर - घर लाभाथिर्यों से सभी मंडल के पदाधिकारी तथा पूर्व पदाधिकारी अभियान के माध्यम से सम्पर्क करें । साथ में आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से तमाम बातों को बताया । तत्पश्चात् लोकसभा प्रभारी रविन्द्र नाथ पाठक आये हुए मुख्य अतिथि व आये हुए अपेक्षित फोरम के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने - अपने कार्य को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें । कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने किया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोकसभा संयोजक दिनेश वर्मा, विधायक, मडि्हान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक, नगर रतनकर मिश्र, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कननैजिया, नगर पालिका अध्यक्ष मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, चेयरमैन जिला को ऑपरेटिव बैंक लि0 जगदीश सिंह पटेल, चेयरमैन डीसीएफ विजय कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, रविन्द्र नारायण सिंह, निर्मला राय, विपुल सिंह, जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल, रवि शंकर पटेल, जिलामंत्री हेमन्त त्रिपाठी, कौशल श्रीवास्तव, नितिन गुप्ता, गौरव ऊमर, संजय यादव, प्रणेश प्रताप सिंह, शिव शरन राय, मोची के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह, रामकुमार विश्वकर्मा, राजेश कुमार, राजन वर्मा, अभियान के सह संयोजक जान्हवी तिवारी, डाली अग्रहरि, आईटी संयोजक अमित कुमार सिंह, सोशल मीडिया संयोजक आनन्द मैनी के साथ मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यक्रम अभियान के मंडल संयोजक, सहसंयोजक व आई0टी की टीम उपस्थित रही । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया ।

ओलावृष्टि/असामयिक वर्षा के कारण नष्ट हुई फसलों की सूचना कृषक टोल फ्री नंबर पर दे जानकारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मीरजापुर। कृषि निदेशक विकेश पटेल ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है किजनपद मीरजापुर के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ के द्वारा अवगत कराया गया है कि आगामी दो दिनों तक मौसम

की स्थिति खराब रहेगी। राज्य के अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश और कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की संभावना व बिजली गिरने की संभावना है। जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है, जिसके अन्तर्गत रबी मौसम की सभी प्रमुख फसलें यथा- गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों एवं अलसी को ग्राम पंचायत स्तर पर अधिसूचित किया गया है। कवर किये गये जोखिमों में स्थानीय आपदाओं के अन्तर्गत खड़ी फसलों को असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि, जलभराव आदि से उत्पनन क्षति की स्थिति में योजना के प्राविधानों के अनुसार बीमा कम्पनी द्वारा सहायता के रूप में क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। ऐसे किसान भाई जिन्होंने रबी 2023-24 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत अधिसूचित फसल यथा- गेहूँ, चना, मटर, मसूर एवं सरसों पर बीमा कराया है और ओलावृष्टि/असामयिक वर्षा के कारण उनकी फसल नष्ट हो गयी है, उनसे अनुरोध है कि तत्काल (72 घंटे के अन्दर) इसकी सूचना टोल फ्री नं0- 18002091111 या 18008896868 अथवा 14447 पर काल करके अवगत करा दें अथवा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी या अपने नजदीकी बैंक शाखा पर भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत करा सकते है। किसानों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों पर कृषि विभाग, राजस्व विभाग व बीमा कम्पनी की संयुक्त टीम में साथ क्षति वालें क्षेत्रों का सर्वे भी किया जायेगा।

मण्डल स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मीरजापुर। मीरजापुर 13 फरवरी 2023- मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त, कार्यालय सभागार, में ''लिंग भेदभाव एवं जेण्डर संवेदीकरण'' एवं विषय पर कार्यशाला तथा गर्ल्स चाइल्ड-डे के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मण्डलायुक्त द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। बाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जनपद भदोही की कु0 करूणा तिवारी, सी0डी0वी0 पब्लिक स्कूल गोपपुर जनपद भदोही को द्वितीय स्थान कु0 आन्या, आर्यकन्या पाठशाला, इण्टरमीडिएट कालेज, मीरजापुर को तथा तृतीय स्थान कु0 आर्णन्वी सिंह, शारदा महेश इण्टर कालेज, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र को प्राप्त हुआ। सभी छात्र-छात्राओ को मण्डलायुक्त द्वारा पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त द्वारा लिंग भेदभाव के कारण एवं निवारण के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार द्वारा बनाये गये का किस तरह से कड़ाई से पालन कराया जाए, इसकी रणनीति बनाने तथा इस कानून की अवहेलना करने वाले को किस तरह के दण्ड का प्राविधान है, उसके बारे में भी सचेत

किया गया। कार्यशाला में मण्डलीय नोडल अधिकारी डा0 अरविन्द कुमार सिंह (संयुक्त निदेशक) द्वारा लिंग भेदभाव, लिंगानुपात तथा इससे सम्बन्धित जन जागरूकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मण्डल के सरकारी अस्पतालो के चिकित्साधिकारी, प्राइवेट चिकित्सक, प्रधानाचार्य/शिक्षक, छात्र-छात्रायें, आशा कार्यकत्रियो, बी0एस0ए0, बी0डी0ओ0, अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण, महिला चिकित्सक, अल्ट्रासाउण्ड के चिकित्सको ने प्रतिभाग किया। अंत में डा0 आर0पी0 पाण्डेय, अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर द्वारा समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रशेखर मिश्रा द्वारा किया गया तथा देशराज कुशवाहा, के0एम0 विश्वकर्मा, अवनीश एवं अन्य द्वारा अपना कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

बस्ती संपर्क अभियान में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आईजी उत्तर प्रदेश के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र के दिशा निर्देश में बस्ती संपर्क अभियान गांव गांव गली गली प्रधानमंत्री की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कल्याणकारी योजना के बारे में कूलन बस्ती वार्ड नंबर वार्ड नंबर द6 बड़ौली मोहाल में जाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति के घर तक पहुंचे ईशा से बस्ती संपर्क अभियान बृहद स्तर पर चलाए जा रहा है 2024 में पुंन्ह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार

पात्र व्यक्ति के घर तक पहुंचे इसलिए भारतीय जनता पार्टी सूचित मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं को जमीन स्तर पर उतरने का काम कर रहे हैं अनुसूचित मोर्चा के क्षत्रिय अध्यक्ष अजीत रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री की लोक प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प सभी ने लिया।अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी द्वारा घर-घर पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने को लेकर कटुबद्ध योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए वांछित लोगों को चिन्हित कर लाभ दिलाए जाने को कराया जा रहा ।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा हेतु कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को प्रवेश पत्र प्रदान किया गया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र।-डी ए वी पब्लिक स्कूल खडि्या में आज सत्र 2024 सीबीएसई बोर्ड परीक्षा हेतु कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को प्रवेश पत्र प्रदान किया गया सर्वप्रथम प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर कक्षा दसवीं एवं 12वीं के सभी छात्रों तथा शिक्षकों के साथ सामूहिक हवन भजन संपनन किया तदुपरांत उन्हें प्रवेश पत्र प्रदान किए गए प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने हवन के दौरान सभी परीक्षाथिर्यों को शुभकामनाऐ दी तथा बताया कि आज के दिन वाणी की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है तथा ऋतुराज बसंत का स्वागत भी किया जाता है उन्होंने गीता के प्रेरणास्पद वाक्यठ कर्मण्येवाधिकारस्तेठ की याद दिलाते हुए परिश्रम एवं लगन के साथ बोर्ड परीक्षा देने की सीख दी त् तथा साथ ही साथ बच्चको बहुत सारी जीवन एवं परीक्षा की सावधानियों से भी अवगत कराया तथा बताया कि जीवन एक परीक्षा स्थल है त् हमें जीवन की सभी परीक्षाओं को एक चुनौती के साथ स्वीकारते हुए समय के साथ कर्तव्य पथ पर आगे आगे बढ़ना चाहिए त् एक सफल व्यक्ति की यही पहचान है ।

पिता ने दी तहरीर शाहगंज थाने में मामला दर्ज कर जाच शुरू

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। शाहगंज थाना क्षेत्र के बराक गांव निवासी 26 वर्षी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में एक दिन पूर्व मौत होने की सूचना पर परिजनों ने एप्लीकेशन देकर बेटी के उत्पीड़न व दहेज की मांग संबंधित लगाया आरोप मामला हुआ

दर्ज।जानकारी के अनुसार शाहगंज थाना क्षेत्र के बराक गांव निवासी कविता 26 वर्षीय पति शमशेर की सोमवार रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटक कर मौत की सूचना मंगलवार देर शाम परिजनों को हुई तो आनंद-खनन में परिजन मौके पर पहुंचे मामले में संबंधित थाना पुलिस को अवगत कराया पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मृतका के सरइगड़ रायपुर थाना क्षेत्र निवासी पिता बलकेश्वर की तहरीर पर विभिनन धाराओं में मामला पंजीकृत कर जांच की शुरू वहीं पिता ने आरोप लगाया कि एक वर्ष पूर्व मेरी बेटी की शादी सगन थाना क्षेत्र के बाद गांव निवासी शमशेर से हुई थी जिसके द्वारा आए दिन मारना पीटना वह उत्पीड़न करने दहेज मांगने का मामला संज्ञान में आता रहा हम लोग समझ बूझकर मामले को शांत करते रहे आज मेरी बेटी को जान से मार कर एंड से लटका दिया गया है जिसमें मेरे द्वारा एप्लीकेशन देकर मामला दर्ज करायां गया है हम लोगों को संबंधित न्याय दिला दिलाया जाए।

कमिश्नरेट प्रयागराज में निरीक्षक/उपनिरीक्षकगण के हुए स्थानांतरण

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
निरीक्षक सुनील कुमार कनौजिया को अतिरिक्त निरीक्षक थाना धूमनगंज से प्रभारी निरीक्षक कैण्ट स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार वर्मा को प्रभारी आईजीआरएस सेल से प्रभारी निरीक्षक खुल्दाबाद स्थानान्तरित किया गया है निरीक्षक विनोद कुमार सोनकर को प्रभारी निरीक्षक खुल्दाबाद से प्रभारी निरीक्षक शाहगंज स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक रामाश्रय यादव को पी0आर0ओ0 पुलिस आयुक्त से प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक दीपक शर्मा को कार्यालय एसीपी धूमनगंज से प्रभारी आईजीआरएस सेल स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक रुकुम पाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक कैण्ट से पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया गया है।म0 उपनिरीक्षक जय अम्बिका पासवान को प्रभारी चौकी लोक सेवा आयोग, थाना सिविल लाइन से थानाध्यक्ष महिला थाना स्थानान्तरित किया गया है।म0 उपनिरीक्षक पूनम देवी शुक्ला को थानाध्यक्ष महिला थाना से पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया गया है।

शक्ति वन्दन कार्यक्रम के तहत विधायक नगर ने सराहनीय कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं शॉल वितरित कर किया सम्मानित

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मीरजापुर।मीरजापुर नगर पालिका परिषद् मीरजापुर मिश्र एवं नगरपालिका अध्यक्ष, श्यामसुन्दर केशरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर

स्थानीय-सिटी क्लब में शक्ति वन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डूडा द्वारा संचालित योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यकम का उद्घाटन विधायक नगर रतनकर समूह की महिलाओं को सराहनीय कार्य करने हेतु प्रमाण पत्र वितरित किये गये एवं शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डूडा, शहर मिशन प्रबन्धक डूडा एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

बसंत पंचमी पर माघ मेले में टीचर और ट्रेनर की भूमिका में नज़र आई प्रयागराज पुलिस,

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
प्रयागराज।प्रयागराज के माघ मेले में बसंत पंचमी के मौके पर भी आज श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। खराब मौसम के बावजूद संगम समेत दूसरे घाट ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ से पटे रहे। बसंत पंचमी पर विद्या और ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना की जाती है। इस खास मौके पर माघ मेला आज संगम समेत दूसरे घाटों, रास्तों, पांटून पुलों के साथ ही प्रवेश व निकास द्वारों पर किए जाने वाले इंतजामों को देखा। इन राज्यों की पुलिस टीम को बताया गया कि यहां ड्यूटी करने वाले जवान मेले में न तो डंडे का प्रयोग करते हैं और न ही विशेष परिस्थितियों को छोड़कर किसी दूसरे अस्त्र-शस्त्र का। पुलिस यहां कानून व्यवस्था

क्षेत्र तमाम राज्यों की पुलिस और देश की कई यूनिवर्सिटीज व मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के लिए पाठशाला बन गया। यूपी पुलिस यहां किस तरह से श्रद्धालुओं की सुरक्षा करती है, लाखों की भीड़ को नियंत्रित कर सेवाभाव से काम करती है और उसके कुशल मैनेजमेंट से सब कुछ बिना किसी हंगामे या परेशानी के शांतिपूर्वक ढंग से संपनन हो जाता है, इसे सीखने के लिए राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश और हरियाणा समेत देश के तकरीबन आधा दर्जन राज्यों की पुलिस की टीम पिछले दो दिनों से मेला क्षेत्र में डटी हुई है। टीमों ने यहां कम्युनिटी पुलिसिंग की अवधारणा को बेहद करीब से जाना। इन राज्यों की पुलिस की टीम ने पहले डिजिटल प्रेजेंटेशन के जरिए यूपी पुलिस के कुशल मैनेजमेंट को समझा। इसके बाद का पालन कराते हुए श्रद्धालुओं के जान-माल की सुरक्षा करती है, भीड़ को नियंत्रित करती है, साथ ही सेवाभाव से काम करते हुए श्रद्धालुओं के मित्र के तौर पर उनकी मदद भी करती है। तमाम श्रद्धालु गंगा के जल में सनन करते हैं, इसलिए पानी में भी इनकी सुरक्षा के इंतजाम करने पड़ते हैं। इस बार गहरे जल में भी डायल 112 की इमरजेंसी सेवाएं मुहैया कराई गई हैं। पुलिस कमिशन्र रमित शर्मा ने इन राज्यों की पुलिस टीम को बताया कि लाखों की भीड़ को उनकी आस्था का सम्मान करते हुए उन्हें सकुशल सनन कराकर घरों के लिए वापस भेजना और उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करना अत्यंत चुनौती भरा काम होता है, लेकिन महीनों के होम वर्क, कुशल प्रबंधन, रणनीति के अमलीकरण और मजबूत इच्छा शक्ति के जरिए इसे पूर्ण किया जाता है।

विधि विधान से मां सरस्वती का किया गया पूजन अर्जन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र।सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वाधान में बुधवार को सरस्वती पूजा का कार्यक्रम संपनन हुआ । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलेश सिंह खाबे मां सरस्वती की प्रतिमा पर मालावार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने बताया कि मनुष्य के जीवन में मां सरस्वती का बहुत बड़ा योगदान होता है जब बच्चा बड़ा होता है तो पठन-पाठन से लेकर बड़े होकर हर क्षेत्र में प्रथम पूज्य मां सरस्वती के ही बंधन पूजन व उनके आराधना से आगे बढ़ता है जिसके लिए हर वर्ग धर्म मजहब में मां सरस्वती को सर्वश्रेष्ठ माना गया है आज बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती को पूजन करते हुए लोग अपने मनोकामनाओं की पूर्ति को लेकर आस्था रखते हैं और पूजन पाठ करते हैंइस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक लालता प्रसाद मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, अजीत जायसवाल, संतोष मिश्रा, मनोज गुप्ता, राजेश जायसवाल, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे इस मौके पर आए हुए मुख्य अतिथि लोगों का गायक सुशील मिश्रा द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

दयानन्द सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया।

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) आर्य समाज देव नगर, करोल बाग,दिल्ली में 200 वीं महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती युग द्रष्टा थे उन्होंने दूर की सोचते हुए आर्य समाज की स्थापना की जिससे उनके बाद भी लंबे समय तक यह आंदोलन चलता रहे।उन्होंने हर सामाजिक बुराई पर सीधा प्रहार किया।वह एक निर्भीक सन्यासी थे उनके गुणों को आज जीवन में धारण करने की आवश्यकता है।विधायक विशेष रवि ने कहा कि आज महर्षि जी की जयंती सर्वत्र मनाई जा रही है हमें उनकी शिक्षाओं को अमल में लाना चाहिए।

सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 नफर शराब तस्कर गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र।आगामी चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा चालये जा रहे अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम व इन्टर स्टेट बार्डर चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक देवगांव जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 34 वर्ष, 02. ज्ञानप्रकाश सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह निवासी महुरा थाना धीना जनपद चन्दौली उम्र करीब 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शक्तिनगर पर

(मुख्यालय) के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पिपरी के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा दिनांक 13.02.2024 को समय 15.20 बजे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग/बैरियर बार्डर चेकिंग के दौरान तेलगांव बार्डर से कुटरचित नंबर प्लेट लगी एक अदद पीकप वाहन संख्या ळइ65ख्ख0173 से कुल 76 पेटी में 681 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (शराब की अनुमानित कीमत 05 लाख 15 हजार रुपये) बरामद कर मौके से 02 नफर शराब तस्कर 01. योगेन्द्र प्रताप यादव पुत्र स्व0 शंकर यादव निवासी कंजहित थाना मु0अ0सं0- 24/2024 धारा- 60/63ॅ.धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी का विवरण-1. कूटरचित नंबर प्लेट लगी एक अदद पीकप वाहन संख्या-ळइ65ख्ख0173 ।2. 76 पेटी में 681 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (शराब की अनुमानित कीमत 05 लाख 15 हजार रुपये)।3. दो अदद मोबाइल फोन ।गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-01. योगेन्द्र प्रताप यादव पुत्र स्व0 शंकर यादव निवासी कंजहित थाना देवगांव ।

इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे।

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा।

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

सम्पादकीय

कंटीले तारों की बाड़ से बढ़ेगी समस्या? राज्य में उठ रही है विरोध की आवाज

नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो का कहना है कि अगर सीमा पर बाड़ लगाना अनिवार्य है तो आम लोगों की समस्याओं को भी ध्यान में रखना होगा। सीमा के दोनों ओर नागा जनजाति के लोग रहते है।पूर्वोत्तर के कई राज्यों और संगठनों के विरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने म्यांमार से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ लगाने के फैसले पर अडिग रहते हुए दोनों देशों के

बीच जारी मुक्त आवाजाही समझौते को तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिया है।पूर्वोत्तर के चार राज्यों-अरुणाचल प्रदेश (520 किमी), नागालैंड (215 किमी), मणिपुर (398 किमी) औ? मिजोरम (510 किमी)-की कुल 1643 किमी लंबी सीमा म्यांमार से लगी है। इसमें से 1,472 किमी लंबी सीमा की शिनाख्त का काम पूरा हो गया है। मुक्त आवाजाही समझौता खत्म होने के बाद सीमा पार से आने वाले लोगों के लिए भारत का वीजा लेना अनिवार्य होगा।बर्मा (अब म्यांमार) के भारत से अलग होने के बाद सीमा के विभाजन में गड़बड़ि.यों के कारण कई जनजातियां दो देशों की सीमा में बंट गईं। आजादी के बाद अलग-अलग देश में रहने के कारण एक ही जनजाति के लोगों के जीवन और रहन-सहन में आने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 26 सितंबर, 1950 को एक गजट अधिसूचना के जरिए पासपोर्ट नियमों में संशोधन करते हुए दोनों देशों के नागरिकों को बिना पासपोर्ट और वीजा के एक-दूसरे देश में 40 किमी भीतर तक आने की छूट दे दी।इसके बाद अगस्त, 1968 में इसमें संशोधन करते हुए परमिट प्रणाली लागू की गई यानी दूसरे देश में जाने वालों को परमिट लेना पड़ता था। अस्सी और नब्बे के दशक में पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद तेज होने के कारण आवाजाही की सीमा 25 किमी से घटाकर 16 किमी कर दी गई।इस मुद्दे पर कोई अधिकृत समझौता नहीं होने के कारण सरकार ने एक सहमति पत्र तैयार किया और 11 मई, 2018 को दोनों देशों में इस पर हस्ताक्षर कर इसे औपचारिक जामा पहनाया।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के बाद सीमावर्ती इलाकों में म्यांमार की सेना और विद्रोही गुटों में हिंसक झड़पें बढ़ी हैं और इसका असर भारतीय इलाकों में भी पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, म्यांमार में जारी हिंसा के कारण कम से कम 20 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। इसकी वजह से करीब 40 हजार लोगों और पुलिस व सैन्य अधिकारियों ने भाग कर पड़ोसी मिजोरम और मणिपुर में शरण ली है।बीते साल मई में मणिपुर में शुरू हुई हिंसा के पीछे भी म्यांमार से आने वाले उग्रवादियों और सशस्त्र गुटों को जिम्मेदार ठहराया गया है। दरअसल, पूर्वोत्तर के चार राज्यों की म्यांमार से लगी सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोग एक ही जाति और संस्कृति के हैं। इसलिए सीमा पार से आने वाले लोग आसानी से स्थानीय आबादी में घुल-मिल जाते हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह शुरू से ही इन लोगों को जिम्मेदार ठहराते रहे हैं।केंद्र के इस फैसले का इलाके में काफी विरोध हो रहा है। मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदूहोमा ने हाल में कहा था कि म्यांमार सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ लगाने का फैसला स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश सचिव एस.जयशंकर से मुलाकात कर उनको भी अपने विचारों से अवगत कराया है।लालदूहोमा की दलील है कि ब्रिटिश शासकों ने स्थानीय लोगों से सलाह-मशविरा किए बिना ही मिजोरम-म्यांमार सीमा थोप दी थी। सीमा के दोनों ओर रहने वाले मिजो-जो-चिन समुदाय के लोग इस सीमा को नहीं मानते। लालदूहोमा कहते हैं ।

आधी आबादी के अधिकारों पर इनकी बातें, इनका सच

महिला विरोधी सामाजिक मानसिकता की बर्बर मिसाल एक फिल्म हजार करोड़ किनके भरोसे कमा ले जाती है? जिनके सिर इसका जुनून चढ़कर बोल रहा है, वही अगले महिला दिवस पर महिलाओं के हक में बड़ी-बड़ी बातें करते दिखेंगे।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में अभी कुछ देर है। लेकिन मैं महसूस कर रही हूं कि उसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। महिला दिवस का पालन आजकल खूब धूमधाम से किया जाता है। सुबह-सुबह मुझे बहुत लोग, जिनमें महिलाएं और सामाजिक कार्यकर्ता ही ज्यादा होते हैं, फोन कर महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हैं। यह मुझे थोड़ा अटपटा लगता है। अगर महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार मिलते, तो महिला दिवस का कोई औचित्य ही नहीं था। यहां तो हालत यह है कि एक दिन की गहमागहमी के बाद महिलाओं के लिए पूरा साल संघर्ष में ही बीतता है।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में अभी कुछ देर है। लेकिन मैं महसूस कर रही हूं कि उसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। महिला दिवस का पालन आजकल खूब धूमधाम से किया जाता है। सुबह-सुबह मुझे बहुत लोग, जिनमें महिलाएं और सामाजिक कार्यकर्ता ही ज्यादा होते हैं, फोन कर महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हैं। यह मुझे थोड़ा अटपटा लगता है। अगर महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार मिलते, तो महिला दिवस का कोई औचित्य ही नहीं था। यहां तो हालत यह है कि एक दिन की गहमागहमी के बाद महिलाओं के लिए पूरा साल संघर्ष में ही बीतता है।महिला-विरोधी सामाजिक मानसिकता का ताजा उदाहरण एनिमल नाम की फिल्म है, जो अब तक 900 करोड़ रुपये से भी अधिक का कारोबार कर चुकी है। बेहद लोकप्रिय यह फिल्म भयंकर नारी-विद्वेषी है। मैं सिर्फ भारत की बात नहीं कर रही। पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में अभी जहरीले मर्दवाद का प्रचलन है। महिला दिवस से ठीक पहले एक महिला-विद्वेषी फिल्म के प्रति समाज के जुनून को भला क्या कहेंगे? इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि आज एनिमल फिल्म का जुनून जिनके सिर चढ़कर बोल रहा है, कल वही महिला दिवस पर महिलाओं के हक में बड़ी-बड़ी बातें करेंगे!सच तो यह है कि आजकल महिला दिवस को जोर-शोर से मनाया भी जाता है। पिछले साल इसी खास दिन जब मैं बैंक गई, तो देखा कि उसे रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया है। अंदर जाने पर एक कर्मचारी ने मुझे गुलाब भेंट कर विश भी किया था। परचून की दुकान पर गई, तो वहां भी दुकानदार ने मुझे विश किया था। उस दिन बैंक और दुकान में मैं जब तक रही, मैंने देखा कि आनेवाली हर महिला का स्वागत किया जा रहा है। देश-विदेश घूम चुकने बावजूद मेरे लिए यह नया अनुभव था। इसका मतलब तो यही है कि साधारण आदमी भी अब महिला दिवस के बारे में जानता है। उसे यह भी मालूम है कि इस दिन महिलाओं का सम्मान करना चाहिए।सवाल यह है कि महिलाओं के प्रति यह श्रद्धा भावना सिर्फ एक दिन के लिए सीमित क्यों है। ऐसा

मैं जान-बूझकर ही कह रही हूं। अगर हमारा समाज सचमुच महिलाओं का सम्मान करता, उन्हें पुरुषों के बराबर समझता और महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाता, तो अखबारों के पृष्ठ यौन अपराधों के वृत्तांतों से भरे हुए कतई न होते। फिर यह भी नहीं मान लेना चाहिए कि महिला दिवस के दिन महिलाओं के खिलाफ अपराध होता ही न होगा।इसीलिए महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ते हुए भी महिला दिवस मुझे बहुत आकर्षित नहीं करता। यह कुछ उन अनुष्ठानों की तरह है, जिनके औचित्य-अनौचित्य पर सवाल उठाए बिना हमें जिनका पालन करना पड़ता है। महिला दिवस का आयोजन मुझे स्कूलों में कक्षा शुरू होने से पहले गाए जानेवाले राष्ट्रगान की तरह लगता है, जिसमें छात्र खड़े होते हैं, तो सिर्फ इसलिए कि यह एक नियम है। स्कूलों में अनेक छात्र ऐसे होते हैं, जिनका राष्ट्रगान से कोई भावनात्मक लगाव नहीं होता। ठीक उसी तरह महिला दिवस के अनुष्ठान में मेरी कोई रुचि नहीं है, क्योंकि मैंने पाया है कि महिला दिवस का सालाना अनुष्ठान किसी भी देश में स्त्रियों की स्थिति बदलने में मददगार साबित नहीं हुआ है।यह दिवस अब लगभग हर देश में मनाया जाता है। जब आम लोग महिला दिवस के महत्व और औचित्य को समझने लगे हैं, तब महिलाओं के साथ होनेवाले अपराधों में कमी क्यों नहीं होती? जब सामाजिक स्तर पर स्त्रियों के प्रति कोई उदार बदलाव नहीं है, कन्या भ्रूणहत्या से लेकर शिक्षा और रोजगार के मोर्चे पर महिलाओं के प्रति दुराव कायम है, तो भला यह क्यों न माना जाए कि उपभोक्तावादी आयोजनों-अनुष्ठानों में यह भी एक सालाना अनुष्ठान है? अगर महिलाओं के हित में सचमुच ही कुछ करना है, तो उसके लिए साल के तीन सौ पैंसठ दिन हैं। लेकिन चलन यह है कि एक दिन तो महिलाओं के हित में बड़ी-बड़ी बातें करो और पूरे साल महिला-विरोधी अभियान चलाए रहो।अगर अपनी बात करूं, तो कहना पड़ता है कि नारी-विरोधी समाज में बैठकर मैं पिछले करीब चालीस साल से महिलाओं के हक में लिख रही हूं। इसके बावजूद कोई बड़ा और सार्थक बदलाव तो कहीं दिख नहीं रहा। फिर यह भी लगता है कि मैंने भला कितना बड़ा जोखिम उठाया। हजारों नारीवादियों ने हजारों साल से महिलाओं के लिए मुझसे कहीं ज्यादा बड़ा जोखिम उठाया है। उनकी लड़ाई के आगे मेरा अभियान तो बहुत ही छोटा है। चूंकि स्त्रियों को उनके अधिकार आज तक नहीं मिले हैं, जो पुरुषवर्चस्ववादी समाज में आसान नहीं हैं, इस कारण उनके लिए लड़ने वाली असंख्य महिलाओं की लड़ाई को भी मान्यता नहीं मिली है। महिलाओं को न्याय देने के विपरीत इन दिनों कई देशों में पुरुष संरक्षण समिति और पुरुषों को अधिकार दिलाने जैसे संगठन खड़े हो गए हैं। जहां इस तरह के कदम उठाए जा रहे हों, वहां महिलाओं को न्याय और अधिकार दिलाने का अभियान कितना पीछे चला गया होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। हालांकि इस चौतरफा हताशा के बीच कहीं-कहीं उम्मीद भरे दृश्य भी दिखाई पड़ते हैं। कुछ समय पहले मैंने काबुल की सड़कों पर कुछ पुरुषों को नीला बुर्का पहने और हाथ में बैनर लिए गुजरते देखा था। वे स्त्रियों पर होनेवाला अत्याचार खत्म करने के लिए अभियान चला रहे थे। मैं वह दृश्य देखकर मुग्ध थी। महिलाओं के हक में सड़कों पर निकलने वाले अन्य जुलूसों से वह जुलूस ज्यादा मर्मस्पर्शी और तार्किक था। हालांकि काबुल की सड़क पर उस दिन अफगान पुरुषों की संख्या पंद्रह-बीस से ज्यादा नहीं थी। जबकि मैं चाहती हूं कि यह संख्या बढ़े। मुझे पश्चिम के देशों की याद आई, जहां महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए महिलाओं के जूते पहनकर पुरुष सड़कों पर एक मील तक चले थे। उनकी मांग थी कि महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध समेत जो तमाम अपराध पुरुष करते हैं, वे सब बंद हों। तुर्किये और भारत में भी महिलाओं के अधिकारों के लिए पुरुषों को सड़कों पर उतरते देखा गया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भी महिलाओं के प्रति सच्चा सम्मान दिखाने वालों की संख्या बढ़ रही है। जब तक महिलाओं के अधिकारों के लिए सड़कों पर अधिक से अधिक पुरुष नहीं उतरेंगे, तब तक महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव आना संभव नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय तिब्बती सिनेमा के जनक-पेमा सिडेन

तिब्बती फिल्म निर्देशक, प्रोड्यूसर, स्क्रीनप्ले राइटर, शिक्षक पेमा सिडेन 3 दिसम्बर 1969 को तिब्बत के सोल्हो (ऊदत्पद) इलाके में जन्मे थे। 9 फिल्में निर्देशित करने वाले सिडेन ने 55 पुरस्कार अपने नाम किए। उन्हें 60 पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया।तिब्बत हमारा पड़ोसी देश है, मगर वहां इतनी फिल्में बनती हैं और इतनी अच्छी फिल्में बनती हैं, अनोखी फिल्में बनती है, यह अधिकांश दर्शकों के लिए बहुत आश्चर्य की बात है। 1959 के बाद से तिब्बत, चीन के दबदबे में है, चीन ने उसे जबरदस्ती अधिकृत कर लिया है, अतः वहां के बहुत सारे कलाकारों ने देश छोड़ दिया। ये लोग विभिनन देशों में बस गए हैं। बहुत सारे तिब्बती भारत में बस गए। इसके दो प्रमुख कारण हैं, एक तो सबसे अधिक लोकतांत्रिक देश भारत, तिब्बत के सबसे निकट है, दूसरा तिब्बत से आकर धर्मगुरु दलाई लामा भारत में बस गए हैं।तिब्बत का अपना विशिष्ट धर्म है, आध्यात्मिकता है, अपनी संस्कृति, भाषा, राजनीति है और यह सब बहुत प्राचीन है। प्रवासी तिब्बती इसे कायम रखना चाहते हैं। बाहर रहने वाले तिब्बती लोगों में से कुछ फिल्म निर्देशन की दिशा में अग्रसर है। इनमें सर्वाधिक नाम कमाया है, पेमा सिडेन ने।तिब्बती फिल्म निर्देशक, प्रोड्यूसर, स्क्रीनप्ले राइटर, शिक्षक पेमा सिडेन 3 दिसम्बर 1969 को तिब्बत के सोल्हो (ऊदत्पद) इलाके में जन्मे थे। 9 फिल्में निर्देशित करने वाले सिडेन ने 55 पुरस्कार अपने नाम किए। उन्हें 60 पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया। उनकी ख्याति उपरोक्त फिल्मों के अलावा 'बलून', 'सने लेपर्ड', 'सेक्रेड एरो', 'जिन्पा' जैसी फिल्मों के लिए भी है। पेमा सिडेन ने 10 फिल्मों का लेखन किया साथ ही 20 फिल्में प्रड्यूस भी कीं। उन्हें चीनी भाषा में वानमा कैंदान के नाम से भी पुकारा जाता है।पेमा सिडेन के साथ तिब्बत के सिनेमा का एक नया अध्याय प्रारंभ होता है। उन्होंने तिब्बत के गंभीर सिनेमा की शुरुआत की। पेमा सिडेन की शिक्षा द बेझिंग फिल्म अकादमी, चीन के एक प्रमुख फिल्म स्कूल में हुई थी। मगर उन्होंने अपनी सिनेमा शैली विकसित की। उनकी पहली फिल्म, 'द साइलेंट होली स्टोन्स' तिब्बत से आने वाली ऐसी फिल्म रही है, जो तकनीकि और सृजनात्मकता का कुशल संयोजन है। जिसमें तिब्बत की संवेदना नजर आती है। तिब्बत का वनस्पति विहीन लैंडस्केप और वहां के पात्र, भाषा एक भिनन खुशबू से दर्शक को परिचित कराते हैं। लैंडस्केप अपने आप में एक पात्र की अनुभूति देता है।मजे की बात है, चीन की सरकार इस फिल्म का विज्ञापन कर रही थी, इसे तिब्बत की भाषा में बनी पहले फीचर फिल्म का दर्जा दे रही थी। फिल्म में चीन के एक प्रांत किंघाई प्रदेश की बोली एम्डो का प्रयोग हुआ है। फिल्म तिब्बत के युवा सन्यासियों को टेलिविजन सिरीज देखने में रमा हुआ दिखाती है, वे वीडियो गेम खेल रहे हैं। गुरु और शिष्य दोनों साथ में यह कर रहे हैं।एक युवा बौद्ध सन्यासी वीडियो प्लेयर, कैसेट और मॉनीटर अपने मठ में लाता है। फिल्म इसका संकेत देती है, यदि चीनी भाषा न पढ़ी तो काम मिलना कठिन है। बौद्ध मठ में बैठकर बौद्ध ग्रंथ पढ़ने की अपेक्षा तिब्बती युवा चीनी भाषा सीख कर शहर जाना पसंद करता है। निर्देशक बहुत सूक्ष्म तरीके से अपनी सभ्यता-संस्कृति के समाप्त होते जाने का इशारा करता है।चार

पेमा सिडेन 3 दिसम्बर 1969 को तिब्बत के सोल्हो (ऊदत्पद) इलाके में जन्मे थे। 9 फिल्में निर्देशित करने वाले सिडेन ने 55 पुरस्कार अपने नाम किए। उन्हें 60 पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया। उनकी ख्याति उपरोक्त फिल्मों के अलावा 'बलून', 'सने लेपर्ड', 'सेक्रेड एरो', 'जिन्पा' जैसी फिल्मों के लिए भी है। पेमा सिडेन ने 10 फिल्मों का लेखन किया साथ ही 20 फिल्में प्रड्यूस भी कीं। उन्हें चीनी भाषा में वानमा कैंदान के नाम से भी पुकारा जाता है।पेमा सिडेन के साथ तिब्बत के सिनेमा का एक नया अध्याय प्रारंभ होता है। उन्होंने तिब्बत के गंभीर सिनेमा की शुरुआत की। पेमा सिडेन की शिक्षा द बेझिंग फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित करीब पौने दो घंटे की इस ड्रामा फिल्म का नाम तिब्बती भाषा में है। सिनेमाटोग्राफी का भार एन ली ने संभाला है। ग्याल सोन्थर प्रोडक्शन डिजाइनर हैंचार साल बाद पेमा सिडेन नें हुह, इंग्लिश शीर्षक 'द सर्च' फिल्म बनाई और दो पुरस्कार जीते। करीब दो घंटे की इस फिल्म में एक फिल्म बनाने वाला अपनी टीम के साथ, अपने तिब्बती ऑपेरा (ड्रिम कुंदन) में काम करने केलिए अभिनेता-अभिनेत्री की खोज करते हुए हिमालय में यात्रा कर रहा है। पेमा सिडेन अपनी फिल्म की कहानी स्वयं लिखते थे। 'द सर्च' में प्रिंस कुंदन की कहानी भी खुलती चलती है।

बहुआयामी गरीबी में कमी, रोजगार के मौके जुटाने के लिए नए कौशलों में प्रशिक्षण की जरूरत

